हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 जून 2025



# खबर का असर: हटाए गए बेजा कब्जाधारी, इधर कुओं की भी सफाई शुरू

## पीएम आवास में निगम की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के रेवाडीह, लखोली और मोहारा क्षेत्र में बने मकानों में अवैध कब्जाधारी निवास कर रहे थे और व्यवस्थापन के तहत दिए गए मकान में कब्जाधारी के चलते हितग्राहियों को आवंटन केवल कागजों में मिल रहा था। इसको लेकर खबर प्रकाशित किए जाने के बाद नगर निगम ने इस पर कार्रवाई करते हुए आज शहर के रेवाडीह क्षेत्र में स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में रह रहे लोगों की पड़ताल की और अवैध कब्जाधारियों से मकान खाली करवाया। वहीं कुछ कब्जाधारियों द्वारा यहां गोदाम बनाकर अपने सामान रखे गए थे, जिसे भी नगर निगम की टीम ने पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में

शेष पेज 18 पर

### हितग्राही काट रहे थे चक्कर

नगर निगम की टीम ने यहां अवैध कब्जा हटाते हुए वास्तविक हितग्राहियों को मकान आवंटित किया है। लंबे समय से आवास आवंटन के बाद भी कागज लेकर नगर निगम के चक्कर काट रहे हितग्राहियों को इस कार्रवाई से बड़ी राहत मिली है।

### पहले दौर में 6 मकान खाली

नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते आज प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 14 मकानों को अवैध कब्जा से मुक्त कराया है। वहीं कुछ कब्जाधारियों को 1 दिन की मोहलत दी है। इस दौरान कब्जाधारियों के आक्रोश का भी नगर निगम और पुलिस टीम को सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक पहुंच का धौंस भी दिखाया, लेकिन टीम ने कार्रवाई करते कब्जामुक्त कराया है और खाली कराए गए मकान को सील किया है।





## पहले चरण में 15 कुओं पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में उपेक्षित पड़े सार्वजनिक कुओं की दुर्गति को लेकर हरिभूमि द्वारा जन सरोकारों को देखते हुए प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद महापौर मधुसूदन यादव ने इन कुओं की सफाई के प्रति गंभीरता दिखाते शहर के सार्वजनिक कुओं की सफाई का अभियान शुरू कराया है। नगर निगम क्षेत्र में पहले चरण में 15 सार्वजनिक कुओं की सफाई की जाएगी।

शहर में स्थित सार्वजनिक कुओं में गंदगी होने के चलते भीषण गर्मी के बीच वार्ड के लोग इन कुओं के पानी का उपयोग नहीं कर पाए। जिसको लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की और इसके बाद नगर निगम द्वारा कुओं की सफाई अभियान

शेष पेज 12 पर

### निस्तारी में होगी सुविधा

शहर के सार्वजनिक कुओं की लंबे समय से सफाई नहीं होने के चलते वार्ड के लोग कुंए के पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे थे। निगम सीमा क्षेत्र में कागजों पर 98 सार्वजनिक कुंए हैं। जिनमें से प्रथम चरण में 15 कुंओं की सफाई की जा रही है, ताकि कुंओं के पानी का जलस्त्रोत बढ़े और निस्तारी योग्य बने।

### बारिश पूर्व सफाई मुश्किल

बारिश पूर्व नगर निगम द्वारा कुओं की सफाई कराई जा रही है, लेकिन इस वर्ष समय से पहले मानसून सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। ऐसे में शहर के सभी कुओं की सफाई हो पाना मुश्किल है। नगर निगम द्वारा कुओं की सफाई जनवरी-फरवरी माह में कराई जाती तो भीषण गर्मी में शहर में हुए जल संकट के दौरान लोगों को पानी के लिए काफी सहुलियत मिलती।

## सीसी टीवी फुटेज से घटना के कारणों की पड़ताल, रोपवे में गाईड चैनल लगाने का सुझाव

# जांच रिपोर्ट: मेन पावर की कमी और रोपवे की ट्राली में तकनीकी फाल्ट के कारण हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में संचालित रोपवे में पिछले 25 मार्च को हुए हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। तीन सदस्यीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में साफतौर पर उल्लेख किया है कि मानव संसाधन की कमी के कारण ही यह हादसा हुआ है। इसके साथ ही रन सिंगल पाथ एवं सार्प कर्व चैनल के कारण भी रोपवे की ट्राली डिरेल हुई थी। ऐसे हादसे रोकने गाईड चैनल लगाने और इसकी विस्तृत जांच के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के विशेषज्ञों से भी जांच कराने का सुझाव दिया है।

उल्लेखनीय है कि मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में पिछले 25 मार्च को उपर मंदिर से लौटते हुए एक ट्राली के डिरेल होने के कारण भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके साथ कुछ भाजपा नेताओं को भी चोंट आई थी। इस घटना के बाद प्रशासन ने इस पूरे मामले में जांच के आदेश जारी किए थे। जांच कमेटी में दुर्ग पीडब्लयूडी विद्युत यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता आरएस गायकवाड़ तथा विद्युत विभाग डोंगरगढ के कार्यपालन अभियंता एनके साहू, पीडब्लयूडी विद्युत यांत्रिकी के एसडीओ पंचराम ठाकुर को शामिल किया गया था। जांच कमेटी द्वारा रोपवे संचालन का बारीकी से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में साफतौर पर

शेष पेज 12 पर

### प्लेटफार्म एक लेबल में नहीं

जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि रोपवे ट्राली का लैडिंग और लाचिंग प्लेटफार्म एक लेबल में नहीं है, जो दुर्घटना का कारण बन सकता है। रोपवे में लगे सभी मोटर, उपकरण एवं कंट्रोल पैनल की भी जांच की गई। जिसमें कोई तकनीकी खराबी नहीं पाई गई। सुरक्षा की दृष्टि से पीएलसी सिस्टम की स्थापना किया जाना जरूरी है।



### कंपनी जिम्मेदार

ट्रस्ट द्वारा रोपवे की मरम्मत के लिए हर साल राशि कंपनी को दी जाती है। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी कंपनी है। एग्रीमेंट में भी उल्लेख है कि यदि कोई हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी संचालन करने वाली कंपनी की होगी।

- **मनोज अग्रवाल**, अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट

### संचालन के दौरान इलेक्ट्रिकल फॉल्ट नहीं

इस हादसे के बाद कंपनी और मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट ने विद्युत विभाग पर भी लापरवाही का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि संचालन के दौरान लो-वोल्टेज होने के कारण यह हादसा हुआ है। जांच में लो या हाई वोल्टेज नहीं होने की रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि जांच में इलेक्ट्रिकल फॉल्ट नहीं मिला है।

### सीसीटीवी की भी पड़ताल

जांच कमेटी ने घटना के दिन की सीसीटीवी फुटेज की भी पड़ताल की है। इस पड़ताल में यह बात सामने आई है कि उपर मंदिर और नीचे स्टेशन में ट्राली को रोकने के मेन पावर का उपयोग किया जाता है। घटना के दिन नीचे स्टेशन में कोई भी मेन पावर नहीं था। जिसके कारण यह हादसा हुआ है।

## कनकी मिलाकर सरकारी राशन दुकानों में चावल की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कस्टम मिलिंग के चावल में कनकी मिलाकर सरकारी राशन दुकानों में सप्लाई की शिकायत सामने आ रही है। मिलर्स द्वारा नॉन के अधिकारियों से सांठगांठ कर लंबे समय से गोरख काम किया जा रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इसकी जांच करने गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। मामले की जांच करने पर चावल में हो रहे खेल का बड़ा खुलासा होने की संभावना है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्टम मिलिंग के तहत मिलर्स द्वारा जमा किए जा रहे चावल में नियम के अनुसार 22 प्रतिशत कनकी की अनुमति है, लेकिन नॉन के माध्यम से राशन दुकानों में सप्लाई हो रहे चावल में 40 से 42 प्रतिशत कनकी

शेष पेज 12 पर

### 18 हजार मीट्रिक टन की सप्लाई

नॉन के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 907 सरकारी राशन दुकान संचालित है। इसमें 812 दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम से मिलर्स द्वारा जमा कराए गए चावल की सप्लाई हो रही है। बताया जा रहा है कि इन राशन दुकानों से नॉन के जरिये हर माह 18 हजार मीट्रिक टन चावल की सप्लाई होती है। ऐसे में बड़ी मात्रा में कनकी मिलाकर मिलर्स मोटी कमाई कर रहे हैं।

### हितग्राहियों में आक्रोश

मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत जमा किए चावल को नॉन द्वारा पीडीएस के राशन दुकानों में सप्लाई किया जाता है। बताया जा रहा है कि मिलर्स नियमों को धज्जियां उडाते चावल में बड़ी मात्रा में कनकी मिलाकर नॉन में सप्लाई कर रहे हैं। नॉन के अधिकारी चावल की जांच नहीं कर रहे हैं। चावल में कनकी की मात्रा अधिक होने से हितग्राहियों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### सड़क पार कर रहे वृद्ध को वाहन ने ठोंका , मौत

■ हाईवे में सुबह के समय की घटना

**राजनांदगांव।** सुबह के समय एक बुजुर्ग नेशनल हाईवे पार कर घर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पाटेकोहरा के पास नेशनल हाईवे में सोमवार सुबह के समय धन्नू सिन्हा उम्र लगभग 70 वर्ष अपने घर से बेटी के घर जाने के लिए नेशनल हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोंटे आई और मौके पर ही मौत हो गई।उक्त घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। इधर इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## माए एंगल




## एमपी की शराब से भरी कार छोड़ भागे तस्कर

■ आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मप्र निर्मित शराब को कार में भरकर तस्करी कर ले जाया जा रहा था। इस दौरान कार एक्सीडेंट होने पर आरोपी मौके पर ही कार को छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने शराब व कार को जब्त किया है। इस मामले में आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाटा इंडिगो कार में अवैध रूप से मप्र निर्मित शराब को भरकर लाया जा रहा था। उक्त कार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिवानझीटिया से पेंडरवानी रोड तालाब के पास संदिग्ध रूप से खड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि कार के एक्सीडेंट होने से कार में सवार लोग कार को वहीं पर छोड़ मौके से फरार हो गए।

### 230 पौवा शराब जब्त

इधर घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को हुई, पुलिस मौके पर पहुंची और कार की तलाशी ली गई, तब कार के पीछे डिक्की में रखे 4 कार्टून में कुल 200 पौवा गोवा स्पेशल शराब एवं एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 30 पौवा बाम्बे स्पेशल शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार उक्त शराब मप्र निर्मित है। पुलिस ने कार एवं शराब को जब्त किया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों की पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है।

## आईआईटी भिलाई की टीम लाएगी बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर

# ड्रोन सर्वे के जरिये तैयार होगा ट्रैफिक प्लॉन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के भीतरी इलाकों में आए दिन ट्रैफिक जाम सहित बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस महकमे ने भिलाई में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी की सेवाएं लेने की तैयारी की है। आईआईटी द्वारा शहर में ड्रोन सर्वे के जरिये ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा। शहर में सुगम यातायात के लिए इस संस्थान से मिले सुझाव के जरिये ही एक मास्टर प्लान तैयार कर उसे जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य क्षेत्र में बेतरतीब पार्किंग से व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। व्यस्तम मार्गों पर प्रतिबंधित समय में लोडिंग-अनलोडिंग एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस कारण गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, गंज लाइन, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, जयस्तंभ चौक, महाकाल चौक जैसे क्षेत्रों में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर की बदलाव यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए पहले भी कई बार प्रयास किए गए, लेकिन हालात जस के तस बने हैं। यही कारण है कि पुलिस महकमे ने अब पहली बार तकनीकी और ड्रोन सर्वे के बाद शहर के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार करने का निर्णय लिया है।



### सड़क पर दुकानें और ठेले

ठेले में रेहड़ी लगाने वाले भी बेतरतीब ढंग से दुकानें लगाकर व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं। इन सबको व्यवस्थित करने आईआईटी के विशेषज्ञों की टीम पूरे बाजार क्षेत्र का सर्वे कर कार्ययोजना बनाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने वहां के तकनीकी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है, जो यातायात के लिए न केवल प्लान करेंगे, बल्कि उसके समाधान, व्यवस्था में सुधार आदि के लिए अपना सुझाव भी देंगे।

### बनेगा ट्रैफिक का मास्टर प्लान

सर्वे में यह देखा जाएगा कि सुगम यातायात के लिए शहर में किस क्षेत्र में क्या कमी है। पार्किंग, डिवाइडर, सिग्नल, स्टापर, ठेला-खोमचों की शिफ्टिंग, बिजली व्यवस्था आदि भी सर्वे का हिस्सा होगा। यानी आईआईटी की इंजीनियरिंग के आधार पर यातायात का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसी माह आईआईटी की टीम यहां पहुंच सकती है।

### इस माह आएगी टीम

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। इसमें आईआईटी प्रबंधन भिलाई से चर्चा हो चुकी है। वहां के विशेषज्ञों की टीम इस माह शहर पहुंचकर सर्वे का काम करेगी। सर्वे से मिले सुझाव के आधार पर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा।

**-मोहित गर्ग**, पुलिस अधीक्षक









## खबर संक्षेप

### पार्षद ने किया नाली का भूमिपूजन

**गंडई पंडरिया।** वार्ड 13 टिकरीपारा में नदी किनारे नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन पार्षद सावंत देवांगन ने श्रीफल फोड़कर किया। वार्ड 13 में 15 वे वित्त से 2 लाख 5 हजार की स्वीकृति नाली निर्माण के लिए मिली है। नाली निर्माण सरजू निषाद के घर से नदी तक किया जाएगा। नाली बनने से वार्डवासियों को आने जाने में दिक्कतें कम होगी साथ ही नाली का गंदा पानी नदी में नहाने के स्थान पर नही जाएगा। इस दौरान पार्षद यतीश कुंजाम, पूर्व पार्षद छोटेलाल मरकाम, महेंद्र कश्यप, गजेंद्र पटेल, ठेकेदार संजय यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



### पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण



**एलबी नगर।** तहसील सतनामी सेवा समिति लाल बहादुर नगर का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष युवराज ढिरहेर ने की। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संतोष लहरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह एवं हीरा सोनी शामिल हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष विष्णु ल डहरे, उपाध्यक्ष मुरलीराम बंजारे, कोषाध्यक्ष भगतराम बंजारे, सचिव रामदयाल जोशी, उप सचिव पुनीतराम बंजारे, महामंत्री नेमू नारंग, महंत दुखहरण लहरे, संरक्षक छोटुलाल टंडन, गंगाराम जोशी, कार्यकारिणी ,, विजय कोसरे, गैंदालाल बंजारे, दीपक पाटिला, अयोध्या नवरंगे, मनसा लहरे, नंदुराम बंजारे, धनेश्वर चंदेल, बृजलाल बघेल, इतवारी भारती, कुंभराज नेवरे यशवंत टंडन को शपथ दिलाया गया।

### शराब पीने की सुविधा मुहैया कराने वाली गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने नेवासपुर में शराबियों को पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से शराब के खाली पौवे, डिस्पोजल गिलास और पानी पाउच जब्त किया गया है। पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नेवासपुर की फेकनबाई अपने ठेले पर लोगों को शराब पिलाने की सुविधा मुहैया करा रही है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम को सूचना सही मिली। पुलिस के पहुंचने पर शराबी भाग निकले, लेकिन ठेले वाली फेकन बाई को शराब पिलाते हुए पकड़ लिया गया। फेकनबाई पति स्व मकसूदन बारले के पास से 1 नग शोले देशी प्लेन शराब का पौवा, 2 नग शोले देशी प्लेन शराब की खाली शीशी, 4 नग गंधयुक्त डिस्पोजल गिलास और 4 नग पानी पाउच मिले। आरोपिया के आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।

### अपनों को बांट दिया जमीन

**डोंगरगढ़।** ग्राम मुढ़िया में सरकारी ज़मीन को पूर्व सरपंच द्वारा अपने करीबी और संपन्न लोगों को आबंटित करने का मामला सामने आया है। आबंटन की पूरी प्रक्रिया पंचायत स्तर पर ही कर लिया गया। जिस जमीन को भूमिहीन और गरीब परिवारों को देना था, से गाड़ी, मकान और कृषि भूमि वाले लोगों को बांट दिया गया है। तत्कालीन सरपंच और सचिव ने सांठगांठ कर जरूरतमंदों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। आबंटित भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान निर्माण होने पर ग्रामीणों को अनियमितता का आभास हुआ। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कर कार्य को बंद करवा कर जांच की मांग की। एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि मामले की जांच फिलहाल जारी है। प्रतिवेदन मिलने के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

### भूखी प्यासी महिला को मिला सहारा

**डोंगरगढ़।** सेंट पेलोटी स्कूल के पास एक भूखी प्यासी वृद्ध महिला कई दिनों से भटक रही थीद्ध समाजसेवी लोकेश इंदुरकर की नजर पड़ने पर उन्होंने जीवन आनंद वृद्धाश्रम की संचालिका नलिनी मेश्राम से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। उक्त महिला को 112 की मदद से वृद्धाश्रम में पहुंचाया गया। आश्रम में नहलाने के बाद खाना खिलाया गया। घर जैसा वातावरण मिलने के बाद महिला खुद को सुरक्षित महसूस कर खुश है।




### संगीत प्रशिक्षण का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिरों के छात्र एवं छात्राओं के लिए विभाग स्तरीय संगीत प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुनील जैन ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि दीपक झा, दीपक यादव, प्रकाश पात्र, प्राची एवं जगेश्वर लाल निवार थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुनील जैन ने बच्चों को उद्बोधन करते हुए जीवन में संगीत के महत्व को प्रतिपादित किया। दीपक यादव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संगीत महत्वपूर्ण कड़ी है। इसी क्रम में दीपक झा ने संगीत के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि संगीत आंतरिक गुणों का विकास करता है। प्राचार्य प्रकाश यादव ने भी संबोधित किया। संचालन सुरेश दास वैष्णव ने किया। इस प्रशिक्षण में हारमोनियम, तबला एवं ढोलक वादन सिखाया जाएगा। वाद्य यंत्रों के साथ गायन भी बताया जाएगा।



### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**सड़क अतरिया।** ग्राम के पुरुषोत्तम यादव के निवास में सोमवार को नंदिकेश्वर महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सैकड़ों महिला बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाला जो भजन कीर्तन करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। यहां विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, सोनू जंघेल, परस यादव पुरूषोत्तम यादव, राजेश यादव सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



---

चावल की कालाबाजारी पर बेरोकटोक जारी

# गरीबों का चावल व्यापारियों की गोदामों में हो रहा डंप

## मिलर्स शासन को चावल बेचकर लगा रहे चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

पुलिस जांच के दौरान चावल से लदी गाड़ी पकड़ाने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। जब्त गाड़ी थाने से करीब तीन घंटे तक गायब रही। यह गाड़ी कहां गई थी? इस बारे में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी कुछ नहीं कह पा रहे हैं। इस मामले में एक मिलर का नाम सामने आने के बाद कार्रवाई नहीं होना, संदेहास्पद है।

जानकारी के अनुसार गत दिनों पुलिस चेक पोस्ट लगाकर नेहरू कॉलेज के सामने गाड़ियों के दस्तावेज चेक कर रही थी। इस दौरान एक गाड़ी में चावल भरा पाया गया, जिसे पुलिस थाना ले गई। गाड़ी में चावल होने की जानकारी एसडीएम को दी गई ताकि यह पता चल सके कि चावल कहां का है और कहां जा रहा था। इसी बीच चावल से लदी गाड़ी करीब तीन घंटे तक थाने से गायब रही।

**बयान में लिया मिलर का नाम**

पता चला है कि गाड़ी चालक ने पूछताछ में एक राईस मिलर के नाम का खुलासा किया था। उन्होंने यह भी बताया था कि एक ट्रीप मिल में छोड़ने के बाद दूसरी ट्रीप चावल लेकर मिल जा रहा था। उसने यह भी बताया कि चावल राशन दुकान का है। जानकारी के अनुसार मामले के खुलासे के बाद गाड़ी को हटाकर मामले को रफा-दफा करने की पूरी कोशिश की गई थी।



**जगह भी बदल गया**

इस मामले में पहले यह बताया गया कि मुरमुंदा के पास गाड़ी पकड़ा गया था फिर यह बताया गया कि नेहरू कालेज के पास जांच के दौरान चावल से लदी गाड़ी को पकड़ा गया है। गाड़ी को कहां पकड़ा गया है इसका खुलासा अब तक नहीं हुआ है। गौरतलब है कि राशन दुकानों से चावल की कालाबाजारी लगातार की जा रही है। हितग्राहियों के राशन कार्ड को गिरवी में रखकर कई लोग चावल लेने के बाद लोगों को नगदी रकम थमा रहे है। जानकारी के अनुसार एपीएल के उपभोक्ताओं को 10 रूपए प्रति किलो की दर से मिलने वाला चावल बाजार में 30 से 32 रूपए में बिकता है। हितग्राहियों से इसी चावल को 26 रूपए प्रति किलो की दर से खरीदा जाता है। कुछ हितग्राही राशन दुकानदार को 20 रूपए की दर से बेच देते हैं। जानकारी के अनुसार शहर में लगभग 15 से 20 दलाल सक्रिय हैं जो सरकारी चावल खरीदते हैं।

**दूसरे राज्य जा रहा चावल**

बताया जाता है कि कालाबाजारी में लिप्त दुकानदारों से 3 हजार रूपए प्रति माह और व्यापारियों से 5 हजार तक कमीशन वसूल किया जाता है। चावल के व्यापारी घर और गोदाम में चावल का भंडारण करने के बाद बडे वाहनों से राईस मिलों के अलावा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र भेजते हैं। इस कारोबार में कई बड़े व्यापारियों के साथ राईस मिलर भी शामिल हैं। क्षेत्र की राशन दुकानों से प्रतिमाह बड़ी मात्रा में चावल की कालाबाजारी होती है। चावल के इस खेल में राशन दुकानदार 3, दलाल 2 और बडे व्यपारी 4 से 5 रूपए प्रति किलो कमा रहे हैं।

**गिरवी में राशन कार्ड**

जानकारी के अनुसार ब्याज का धंधा करने वाले 10 हजार में राशन को गिरवी में रखते है। हितग्राहियों के चावल लेने के दौरान 5 सौ रूपए तक वसूल करते हैं। राशन दुकानदारों में कई सुदखोरों को खड़े देखा जाता है। कुछ व्यापारियों ने राशन दुकान से चावल को गोदाम तक लाने के लिए मजदूर रखा है। कुछ मजदूरों ने बताया कि कई व्यपारियों द्वारा पिकअप गाडी से चावल को लादकर बड़े व्यापारियों की गोदाम तक पहुंचा दिया जाता है।

---

# श्रद्धा के साथ मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका

- रानी अहिल्याबाई के जीवन और कल्याणकारी कार्यों पर डाला प्रकाश

मंडल भाजपा ने रविवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती सतनाम भवन में मनाया।सर्वप्रथम राजमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू शामिल हुई। इस मौके पर श्री पारख ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। जिला भाजपा महामंत्री श्री गोलछा ने राजमाता के कार्यों का उल्लेख किया। श्रीमती साहू ने अहिल्या देवी द्वारा किए गए मातृ शक्ति के सम्मान की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने भी संबोधित किया।संचालन ललित साहू ने किया। इस मौके पर जनक साहू, ढालसिंग, अश्वनी साहू, खेमलाल साहू, पवन गायकवाड, नूतन साहू, अनिलसिंह राजपूत, अक्षय पटेल, तोषण सिन्हा, चेनेज वर्मा, देशफिरंता, जितेंद्र गायकवाड, आशा यदु, बलदेव निषाद, राकेश साहू, प्रमोद दुबे, रामदास कोसरे, गया वर्मा, श्यामलाल साहू, संतराम नागपुरे, थानुराम साहू, जीवराखन साहू, राजकुमार लहरे, मंगलू साहू, बंशी साहू आदि मौजूद थे।

---

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने मोहन



- मांग पूरी नहीं होने पर संविदा कर्मचारी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

एनएचएम कर्मचारी संघ की बैठक गत दिनों राजनांदगांव में संपन्न हुई। बैठक में केसीजी जिला के संविदा कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में आगामी रणनीति एवं प्रदेश स्तरीय आंदोलन पर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर 20 वर्षों से संघर्षरत है। वह नियमितीकरण, ग्रेड पे, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह उपरोक्त मांगो को लेकर कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन घेराव किया था। प्रशासन ने एक माह में उक्त मांगो को पूर्ण करने का वादा किया था किन्तु अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। मांग पर निर्णय नहीं होने पर कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया।

**संघ का नए सिरे से गठन**

बैठक में हेमंत सिन्हा, डॉ रविशंकर दीक्षित, पूरनदास, डॉ आलोक शर्मा, डॉ सत्या बारले, शेखर ताम्रकार, भीष्म साहू, गजेंद्र गुप्ता, डॉ तेज देशलहरे की उपस्थिति में सर्वसम्मति से कर्मचारी संघ का गठन किया गया। कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष मोहन साहू, उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव हेमंत साहू, सहसचिव विवेक मेश्राम को चुना गया है। इस दौरान बृजेश ताम्रकार, राजू भुआर्य, दिलेश्वर साहू, राधा पदमाकर, उपेंद्रनाथ ठाकुर, सुनील सहारे, नवीन पाल, तोरण साहू, महेंद्र कंडरा आदि शामिल हुए।

# दो साल से समिति का गठन लंबित

**बांधाबाजार।** जिले में अब तक वन अधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 संशोधित अधिनियम 2012 के तहत जिला और उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति का गठन नहीं हुआ है। प्रशासन की लापरवाही को लेकर लोगों में गहरी नाराजगी देखा जा रहा है। समितियों का गठन नहीं होने से व्यक्तिगत वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के दावा पत्र की प्रक्रिया एसडीएम कार्यालय में लंबित है। दावेदार कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो गए हैं। दावेदारों को संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में जब कार्यालय से संपर्क किया जाता है तो एक ही जवाब मिलता है कि सब जन प्रतिनिधियों और उच्च अधिकारियों पर निर्भर है। इस संबंध में वन अधिकार समिति एवं ग्रामसभा सदस्यों ने जनदर्शन, समाधान शिविर और सूचना का अधिकार के तहत आवेदन प्रस्तुत कर वास्तविकता जानने का प्रयास किया। प्रक्रिया के लंबित रहने पर समिति के सदस्यों ने आक्रोश जताया है। जानकारी के अनुसार ग्राम गल्लेटोला, चिरचारी, कोड़ेवाड़ा, मर्देल, मुदयाल, सुवरबोड का दावा पत्र 2023 से लंबित है। गल्लेटोला के प्रबलसिंह सलामे, जितेंद्र पद्माकर, अर्जुन कोरेटी एवं अन्य ग्राम के लोग अब इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की तैयारी में हैं।

# अनुपयोगी स्थानों पर प्रतीक्षालय का निर्माण, खड़े हुए कई सवाल

- जरूरत के बाद भी बस स्टैण्ड में नहीं लगा हाईमास्क लाईट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका

नगर पंचायत ने 4 सीसी रोड, 12 हाई मास्क लाइट, बैडमिंटन कोर्ट, दो यात्री प्रतीक्षालय एवं दो प्रवेश द्वार का निर्माण शुरू किया है। सभी काम बिना सुनियोजित योजना के हो रहे है।

सीसी रोड का काम गांधी चौक, महावीर चौक, अवन्ति स्कूल से पनखत्ती कुआँ तक ठीक है। 12 जगहों पर हाईमास्क लाइट लगा दिया गया किन्तु बस स्टेण्ड में जरूरी होने के बाद भी नहीं लगा है।

इसी प्रकार चंडी चौक जैसे महत्व पूर्ण स्थान को छोड़ दिया गया है। वहीं दो यात्री प्रतीक्षालय क निर्माण आवश्यक स्थानों पर नहीं किया जा रहा है। प्रवेश द्वार के लिए अब तक स्थान तय नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि उक्त निर्माण कार्यों मे अतिक्रमण बड़ा रोड़ा है। ज़ब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जायेगा तब तक निर्माण संभव नहीं है।

**अतिक्रमण बने रोड़ा**

उल्लेखनीय है कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करियों का कब्जा है। अतिक्रमणकारियों ने बस स्टेण्ड के दोनों ओर कब्जा जमा रखा है जिससे बीते 6 माह से बस स्टेण्ड में बस का आना बंद हो गया है। बसें बाहर से चली जाती है जिससे यात्रियों को भटकना पड़ता है। सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास ने बताया कि नगर वासियों से सलाह लेकर कार्य कराया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त इंजीनियरों को दिया बिदाई

**डोंगरगांव।** जलसंसाधन विभाग के सहायक अभियंता बसंत कुमार धृतलहरे एवं सहायक अभियंता चंद्रशेखर प्रजापति के सेवानिवृत होने पर समारोह आयोजित कर बिदाई दी गई। बिदाई कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता निलेश रामटेके, एसडीओ किरण रामटेके, डोंगरगढ़ एसडीओ अरशद सिद्दीकी आदि शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजीनियर आरके गजभिए, उप महामंत्री इंजी केके बघेल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश साहू आदि शामिल हुए। सेवानिवृत्त इंजीनियरों को संघ की ओर से शाल श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी ने उनके सुखद और स्वस्थ्य जीवन की कामना की।



**सोनल का सम्मान**

इस दौरान संघ ने चौथी बीएफए महिला एशिया कप बेसबॉल स्पर्धा जो बैंकाक में आयोजित थी। इस स्पर्धा में भारतीय टीम की ओर से जलसंसाधन विभाग में कार्यरत सोनल मरकाम ने प्रतिनिधित्व किया था। उनका भी सम्मान संघ ने मोमेंटों देकर किया।

---

शिवनाथ साहित्य धारा का आयोजन

# अनिल की किताब की समीक्षा कवियों ने किया काव्य पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

शिवनाथ साहित्य धारा ने शनिवार को कवि अनिल कसेर उजाला की कविता जंगल और जंगल के प्रकार की समीक्षा एवं काव्य पाठ का आयोजन किया। मुख्य अतिथि साहित्यकार डां अशोक आकाश थे। अध्यक्षता डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने की। विशेष अतिथि डॉ इकबाल खान, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा थे। संचालन महेंद्र वैष्णव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुई। तत्पश्चात अनिल कसेर उजाला की कविता जंगल और जंगल के प्रकार की समीक्षा की गई।

कार्यक्रम के आरंभ में शिवनाथ साहित्य धारा के अध्यक्ष महेंद्र बघेल ने स्वागत उद्बोधन दिया। इसी क्रम में अनिल केसर ने कविता जंगल और जंगल के प्रकार का वाचन किया। मनीष साहू, कन्हैया मेश्राम, डॉ अशोक आकाश ने कहा कि काव्य लेखन का मूल उद्देश्य मानव मूल्यों का स्थान है। इसके केंद्र में कवि मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति देता है। अंत में डॉ चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि इस कविता में कवि नहीं आलोचक है। आलोचना को कविता का कंबल ओढकर आपके सामने आया है। यह कटाक्ष है। यह संवेदनाओं की कविता है।



**माधवी का सम्मान**

इस मौके पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी डॉ. माधवी गणवीर एवं रोहणी पटेल को श्रीफल और शॉल देकर सम्मानित किया गया। समीक्षा के पश्चात सरस काव्य गोष्ठी प्रारंभ हुई जिसमें वीरेन्द्र तिवारी, राजकुमार चौधरी, हर्षा देवांगन, डॉ.इकबाल खान, संतुराम गंजीर, दीप्ति पटेल, ओम प्रकाश, जितेंद्र पटेल, यशवंत मंडावी, रोहित तारम, वीरेन्द्र, शैलेन्द्र यदु, लखनलाल कलामे, दिनेश राजपूत, देव नारायण, देव जोशी, डोहरदास साहू, देवेंद्र किशोर साहू, अजीत गुप्ता आदि शामिल हुए।

# ग्रामीणों ने लिया पानी बचाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत पैलीमेटा में पानी बचाओ जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और पानी बचाने के लिए प्रेरित करना था। सरपंच कुमारलाल पाल के नेतृत्व में जागेसर पाल, थांसिंग ठाकुर, टीकम कुंभकार, चैतु नेताम, राधेलाल यादव, शंकर यादव, जीवन राम, हेमलाल यादव, ललित यादव, राजकुमार यादव, योगेश साहू और सुखनंदन साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जल के महत्व पर विस्तार से विचार किया गया। बताया गया कि पानी सभी जीव-जंतुओं के लिए कैसे अनिवार्य है। ग्रामीणों को पानी बचाने, वर्षा जल संचय के लिए सोख्ता गड्ढा बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया गया।

# समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा जनहित के मुद्दों पर कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला मुख्यालय में आज जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने जनहित से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।



बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के लिए अधिक से अधिक कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने और आधार संबंधित तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में जिले की योजनागत रैंकिंग में गिरावट पर कलेक्टर ने गहरी चिंता व्यक्त की और सभी विभागों को समन्वित प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा बहुल क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन शासन की प्राथमिकता है। शिक्षा विभाग की समीक्षा में विद्यालय परिसरों में शौचालय निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए निर्देशित किया गया कि सभी निर्माण कार्यों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व हर हाल में पूर्ण किया जाए।

सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या को संभावित दुर्घटनाओं का कारण मानते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को त्वरित कार्यवाही करने तथा मवेशियों के समुचित प्रबंधन की ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि राज्यपाल द्वारा गोद लिए गए राज्य के तीन ग्रामों में से एक ग्राम सोमपुरी, खैरागढ़ जिले में स्थित है। कलेक्टर ने इस ग्राम के समग्र विकास के लिए सभी संबंधित विभागों को विशेष प्राथमिकता के साथ योजनाएं क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान-गडई अविनाश ठाकुर सहित सभी

### पर्यावरण संरक्षण और योग दिवस की तैयारी

बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "मोर गांव-मोर पानी" अभियान के अंतर्गत विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में जनसहयोग से 5000 से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत जिलेभर में व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि 21 जून को विश्व योग दिवस पर जिले में व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की गई है।

# पूर्व सांसद देवव्रत सिंह की जयंती गृहग्राम उदयपुर में मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जनसेवा में अग्रसर पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक देवव्रत सिंह की जयंती आज पूरे जिले के साथ-साथ गृह ग्राम उदयपुर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम उदयपुर में स्थापित पूर्व सांसद देवव्रत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी हेमंत वैष्णव ने कहा, देवव्रत सिंह सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि जनभावनाओं के सच्चे प्रतिनिधि थे। उन्होंने संसद और विधानसभा में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया।

उनका जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। जयंती के अवसर पर ज़रूरतमंदों को फल वितरण, खाद्य सामग्री वितरण और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद देवव्रत सिंह के सुपुत्र आर्यव्रत सिंह, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, पदमा देवी सिंह, उज्वला सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष गौकरण जंघेल, सरपंच अनिल मांडले, उप सरपंच अनिल विश्वकर्मा, पंच लालाराम साहू, समालिया साहू, धनेश निषाद, विनोद सोनी, सुरेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, दशरथ यदु, धनसिंग जंघेल, महंगु जंघेल, देवेंद्र जंघेल एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### जीवन परिचय और राजनीतिक सफर

देवव्रत सिंह राजपरिवार से संबंध रखते हुए भी एक जननेता के रूप में उभरे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से सांसद और बाद में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में जनसेवा की। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी। उनकी पहचान एक मिलनसार, सरल और सहज नेता के रूप में थी, जो हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते और समाधान के लिए संघर्ष करते थे।

# जनपद सदस्य की पहल से सुविधा का विस्तार



**तुमड़ीबोड़।** जनपद सदस्य सरिता मदन साहू क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने प्रयत्नशील हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एबीस कंपनी से पत्र व्यवहार कर सरकारी अस्पताल के जचकी वार्ड में एयर कंडीशनर लगवाने और एंबुलेंस चालक उपलब्ध कराने की मांग किया था। श्रीमती साहू ने बताया कि तुमड़ीबोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक एम्बुलेंस है परन्तु चालक नहीं होने से उसका उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि जीवन दीप समिति में अपेक्षित राशि नहीं होने के कारण चालक और एयर कंडीशन की व्यवस्था करना संभव नहीं है। श्रीमती साहू के प्रयास से एबीस ग्रुप ऑफ कंपनी ने एम्बुलेंस ड्राइवर की व्यवस्था की हैं। उन्होंने इस पहल के लिए एबीस ग्रुप ऑफ कंपनी का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर मितानिन सुखबती वर्मा, कमलेश्वरी, मुलिया निषाद, रेणुका वर्मा, सावित्री साहू, उषा साहू, ममता साहू, प्रमिला श्रीवास्तव, दिलेश्वरी साहू, राजकुमारी साहू, गिरिजा साहू, आशीष साहू, जयराम साहू, डॉ अजय त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मां बम्लेश्वरी तीर्थ में पर्यटन को बढ़ावा देने बैठक में मांगें सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी तीर्थ क्षेत्र में लोगों की आवाजाही को देखते हुए क्षेत्र के प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र में विकसित कर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की दिशा में पहल की गई है।इस संबंध में शनिवार को नगर पालिका सभागार में शहर के लोगों की बैठक आयोजित कर सुझाव मांगे गए। एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि कलेक्टर की मंशा है कि शहर के अलावा आसपास के 25-30 किलोमीटर के दायरे में स्थित प्राकृतिक एवं अन्य धार्मिक स्थल को जोड़ा जाए ताकि पर्यटक स्टे कर सुविधाओं से रूबरू हो। ऐसा होने से लोगों को रोजगार मिलेगा। वर्तमान में बम्लेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी एवं चंद्रगिरि आनें वाले दर्शन कर उसी दिन लौट जाते हैं। लोगों कोरोकनें के लिए अन्य स्थलों का विकास कर सुविधा मुहैया कराना होगा। पर्यटन मंडल के श्रीनिवास राव ने सभी से सुझाव लिए और आने वाले समय में दोबारा बैठक कर सुझाव पर अमल की बात कही।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की काफी संभावनाएं है। यहां प्राकृतिक स्थलों की कमी नहीं है लेकिन लोगों तक जानकारी नहीं होनें से दूर है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

### बस सुविधा की मांग

बैठक में लोगों ने पर्यटन बस एवं टॉय ट्रेन शुरू करने का सुझाव रखा। बस सेवा शुरू होने से लोगों को प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों तक पहुंचानें में आसानी होगी। लोग बस सेवा के माध्यम से हाजरा फाल, करेला के भवानी मंदिर को भी देख सकेंगे। शहर में टॉय ट्रेन की सुविधा शुरु करके एक नई उपलब्धि हासिल होगी। टॉय ट्रेन के लिए नैरोगेज कोच देने रेलवे सहमति जता चुका किन्तु जमीन को लेकर अब तक सहमति नहीं बनी है।



### और सुझाव आए सामने

बैठकमें महावीर तालाब के सौंदर्यीकरण का भी सुझाव मिला। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट के सचिव शैलेन्द्र डोंगरे ने नए मास्टर प्लान बनाने की बात रखी। पार्षद अमित जैन ने परिक्रमा पथ में चंद्रगिरि तीर्थ को शामिल करने की मांग की। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, परविंदर सिंह मोंटी, प्रकाश चौरड़िया, चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विजयराज सिंह, विनीत यादव, अनिल गट्टानी, उमा महेश वर्मा सहित अन्य ने भी अपने सुझाव रखे।

### जंगल सफारी का सुझाव

जानकारी के अनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जंगल सफारी बनाकर स्टे सुविधा मुहैया कराने का सुझाव रखा गया। गौरतलब है कि बागनदी से ढारा तक जंगल फैला हुआ है। यहां कई जंगली जानवरों की मौजूदगी है। जंगल सफारी के रूप में डेवलप कर पर्यटकों को सैर की सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके अलावा ट्रैकिंग, नाइट स्टे कैम्प कराकर पर्यटकों को रोका जा सकता है। जंगल एवं जलाशयों में कई दुर्लभ विदेशी पक्षी देखें जा सकतें है। यह शुरु होने से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। इसी क्रम में वाटर एडवेंचर, बोटिंग की सुविधा मुहैया कराने कहा गया। बताया गया कि मड़ियान से लेकर पनियाजोब, राउरकसा, कोलारघाट, भर्रीटोला, निगो देवकट्टा व ढारा डंगबोरा जैसे कई जलाशय है जहां पहुंचना आसान है। यहां वाटर एडवेंचर शुरु किया जा सकता है। इसके अलावा बैम्बू राफ्टिंग, बोटिंग चालू करने आय का स्रोत बढ़ेगा।



## सार समाचार

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दाई-बाबा दिवस आज

**खैरागढ़।** जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कल 4 जून को 'दाई-बाबा दिवस' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नियमित रूप से प्रत्येक बुधवार को होने वाले हेल्थ मेले के अंतर्गत विशेष रूप से बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 'दाई-बाबा दिवस' की थीम हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य वृद्धजनों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के साथ-साथ समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना है। जिले के सभी विकासखंडों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को इस दिवस हेतु समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मेले के आयोजन में सीएचओ, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। विशेष पहल के अंतर्गत बच्चों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने दादा-दादी अथवा नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले में सम्मिलित हों। आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, छाया और शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान वृद्धजनों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियों की जांच सहित मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### हेल्थ मेला में होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**राजनांदगांव।** नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक बुधवार को होने वाले मेले के अंतर्गत 4 जून को दाई-बाबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है। प्रत्येक विकासखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर हेल्थ मेले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा गया है। दाई-बाबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई है। सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन के सहयोग से बच्चों को दादा-दादी या नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले पहुंचने प्रेरित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के अनुकुल सुविधाएं बैठक व्यवस्था, छांव, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

इस दौरान बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण किया जाएगा। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज होंगे। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उन्हें कार्ड सत्यापन व रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ले जाकर डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा आईडी) से लिंक किया जाएगा।

### पार्किंग समस्या का निराकरण करने की मांग

**राजनांदगांव।** शहर के कुछ व्यवसायिक परिसरों के सामने पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के चलते यहां आने वाले लोग आसपास अपने वाहन खड़े करते हैं। जिससे आसपास के अन्य स्वीकृत कॉम्प्लेक्स के लोगों को समस्या हो रही है। शहर के दिग्विजय स्टेडियम के सामने स्थित गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स के संचालक सुरेश जवरानी ने नगर निगम में शिकायत की है कि उनके कॉम्प्लेक्स में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि उनका कॉम्प्लेक्स नियम कानून अनुसार बना हुआ है और कामर्शियल स्वीकृत भी है, लेकिन उनके कॉम्प्लेक्स के बाजू में वक्रतुण्ड नाम का कॉम्प्लेक्स है, जहां पर पंजाब एण्ड सिंध बैंक, एचडीबी फाइनेंस, टाटा एन्सुरेंस एवं आईसीआई प्रोडेन्सल एन्सुरेंस कंपनी है। इस कॉम्प्लेक्स के पास पर्याप्त पार्किंग न होने की वजह से उनके एजेंट एवं ग्राहक गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स के सामने की पार्किंग में अपना वाहन खड़ी कर देते हैं। जिसके कारण यहां आने वाले लोगों को अपना वाहन रखने दिक्कत होती है और व्यापार भी प्रभावित होता है। कॉम्प्लेक्स के सामने अन्य लोगों द्वारा वाहन खड़ी करने की वजह से आए दिन वाद-विवाद हो रहा है। उन्होंने इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की है।

### दिव्यांगजनों ने निकाली स्वाभिमान रैली

**राजनांदगांव।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर में दिव्यांगजनों द्वारा स्वाभिमान मार्च निकाला गया। जिला दिव्यांग संघ द्वारा आयोजित इस रैली के दौरान शहर के जयस्तंभ चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। दिव्यांगजनजनों द्वारा फ्लाईओवर के नीचे एकत्रित होकर स्वाभिमान मार्च निकल गया। इस दौरान अपनी



अलग-अलग मांगों को तख्ती पर लिखकर दिव्यांगजनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अपनी स्वाभिमान यात्रा के दौरान दिव्यांगजनों ने 5 हजार प्रतिमाह पेंशन, पेंशन में बीपीएल की बाध्यता समाप्त करने, दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान चलाकर अतिशीघ्र शासकीय पद निकाले जाने, बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटर के लोन देने, ऋण माफी कराने, 18 वर्ष से उपर के दिव्यांग अविवाहित युवती व महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, शासकीय दिव्यांगकर्मियों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण देने, फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की है। अपनी रैली के दौरान दिव्यांगजनों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और मांगे पूरी नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

## संविधान बचाओ रैली में जमकर बरसे पूर्व सीएम

# केन्द्र की मोदी सरकार अडानी-अंबानी की सरकारः भूपेश बघेल

## डोंगरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 जून मंगलवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर डोंगरगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने संविधान बचाओ रैली में हिस्सा लिया। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय गीत से की गई। जिसमें जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान सहित क्षेत्रीय कांग्रेस विधायकगण मंच पर मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने मंच से बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों और आम जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रही है और केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्ष को दबाने के लिए किया जा रहा है।

### योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

पत्रकारों से चर्चा में बघेल ने कहा कि जनपद में विपक्षी सदस्यों को योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा, ग्राम सभाओं की बात नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने कहा, कि हम पूरे राज्य में गांव-गांव जाकर जनता को संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।




### संविधान है खतरे में

मंच से बोलते हुए बघेल ने कहा कि जो संविधान हम सभी को अधिकार देता है, वही आज खतरे में है। न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग भी स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष की आवाज संसद और जनपद दोनों स्तरों पर दबाई जा रही है।

### मोदी सिर्फ अडानी-अंबानी को बचा रहे

पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी सीधा हमला बोला और कहा कि मोदी सिर्फ अडानी और अंबानी को बढ़ावा देने में लगे हैं। जबकि आम जनता की आवाज को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां भी अब दबाव में काम कर रही है, ऐसे में देश की रक्षा कैसे होगी।

### 11 साल पर मांगी समीक्षा

पूर्व मुख्यमंत्री ने 9 जून को मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी नीतियों की समीक्षा करने की अपील करते कहा कि शौचालय बने पर उपयोग नहीं, नल-जल योजना फेल, टोटियों में पानी नहीं, नोटबंदी में काला धन नहीं आया, जानें गई, जीएसटी से व्यापारी और आम जनता परेशान, सरकारी नौकरियां कम, उपक्रम बेचे जा रहे है।

### मनरेगा बंद कर महतारी वंदन योजना थोपने का आरोप

बघेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत साल में 12,000 रुपए देकर भाजपा ने मनरेगा जैसी मजबूत योजना को बंद कर दिया। जिसमें पहले 70 दिनों का 36,000 रुपए का लाभ मिलता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है, जमीनी स्तर पर आम जनता की जरूरतों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

# शहर में अवैध प्लाटिंग पर महापौर ने कसा शिकंजा

- विकास के बगैर नहीं होगा नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कई कालोनाईजर द्वारा कालोनी में पूर्ण विकास किए बिना एवं बिना मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, रोड, नाली बनाए एवं भूखंड क्रेता से किए गए अनुबंध के शर्तों को पूर्ण किए बिना कालोनी विकास पूर्णता प्राप्त कर लिया जाता है। जिससे कालोनीवासी को परेशानी होती है, जिसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव ने निगम के तीनों कार्यपालन अभियंताओं को अपने-अपने प्रभारित वार्ड में निर्मित कालोनियों में बाहय एवं आंतरिक विकास कार्य तथा बिजली, पानी, रोड, नाली की सुविधा होने के पश्चात ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कालोनी में संपूर्ण विकास कार्य किए बिना कालोनी का हैंडओवर नहीं करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

महापौर यादव ने नागरिकों से भी अपील करते कहा है कि कहीं भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में संपर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवें, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्रवाई करें, ताकि परेशानी से बचा जा सके।

### जारी नहीं होगी अब भवन अनुज्ञा

महापौर यादव ने तकनीकी अधिकारियों से कहा है कि अवैध कालोनी के मामले में किसी भी प्लाटिंग पर भवन अनुज्ञा जारी नहीं किया जाए, क्योंकि ऐसे प्रकरणों में भूखंड स्वामी/प्लांट क्रेताओं को मूलभूत सुविधा रोड, नाली, बिजली, पानी से वंचित रहना पड़ता है और उनका हितलाभ प्रभावित होता है। जिससे इन नागरिकों द्वारा मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्य के लिए जिम्मेदार नगर निगम तथा शासन को ठहराया जाता है। जबकि भूखंड क्रेता/अवैध प्लाटिंगकर्ता विकास कार्य की जिम्मेदारियों से पूर्णतः मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृत अभिन्यास के भूखंडों का टुकड़ों में विक्रय करने के कारण भूखंड क्रेताओं के हित हेतु जमा होने वाले विभिन्न प्रभार्य शुल्क तथा विकास शुल्क जमा नहीं होने के कारण शासन तथा निकाय को वित्तीय हानि होती है।

### अफसरों से कहा : पूर्णता रोक लगे

महापौर यादव ने कहा कि किसी भी अवैध प्लाटिंग का नियमितीकरण तब तक नहीं किया जाए, जब तक कालोनाईजर द्वारा कालोनी नियम के तहत प्लाटिंग क्षेत्र को पूर्णतः विकसित नहीं कर लेता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई किया जाता है। उसके बाद भी प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा भूखंड को टुकडों में बेचा जाता है, उस पर कड़ी निगरानी रख अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की दृष्टि से अधिनियम के तहत अंतिम कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।

# अतिशेष शिक्षकों के समायोजन से स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम भी अच्छा होगा। प्रदेश के विभिन्न स्तर के शालाओं में अतिरिक्त अतिशेष शिक्षकों को अतिरिक्त शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण किए जाने से विद्यार्थियों को अध्ययन में लाभ मिलेगा। इसी तरह स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से फायदा मिलेगा। जिले में युक्तियुक्तकरण हेतु समिति का गठन किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राजनांदगांव जिले में शालाओं के युक्तियुक्तकरण में 5 प्राथमिक शाला ऐसे थे, जिन्हें नजदीकी प्राथमिक शाला में समाहित किया गया है। इसके अलावा 645 हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल को 349 स्कूलों में समायोजित किया जा रहा है। प्राथमिक शाला में 246 शिक्षक है। माध्यमिक शाला में 86 शिक्षक, हाईस्कूल में 61 व्याख्याता का युक्तियुक्तकरण किया गया है। युक्तियुक्तकरण स्कूल के साथ-साथ शिक्षकों के लिए इसलिए आवश्यक था, क्योंकि बहुत सारे स्कूल जो शहरी क्षेत्रों में है, वहां दर्ज संख्या के मान से ज्यादा शिक्षक कार्यरत है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। स्कूल युक्तियुक्तकरण एवं शिक्षक युक्तियुक्तकरण में जहां-जहां शिक्षकों की कमी होगी, वहां शिक्षकों की पूर्ति किया जाना संभव होगा। जैसे हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल घोटिया में केवल 3 शिक्षक कार्यरत हैं। हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 27 प्रतिशत, हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 31 प्रतिशत आया है। यदि हम शिक्षकों का समायोजन कर देंगे, तो निश्चित रूप से परीक्षा परिणाम में सुधार होगा। शिक्षक युक्तियुक्तकरण से इस कमी की पूर्ति की जा सकेगी और जिले की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर किया जा सकेगा।

### शिक्षकों का बेहतर उपयोग

विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशांत कुमार चितवरकर ने कहा कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है, यह छात्रों के हित में लिया गया निर्णय है। शालाओं के युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, उच्च माध्यमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक शाला को मर्ज किया गया है या कहें कि प्रशासनिक एकीकरण हो रहा है। जिसके छात्रहित में लाभ प्राप्त होंगे। प्रशासनिक सुविधा होगी, सभी दस्तावेज अलग-अलग शालाओं में संधारित होते थे, वे एक ही शाला में संधारित होंगे। भौतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पाएंगे। शाला के खेल मैदान, खेल सामग्री, लैब, लाईब्रेरी का बच्चे बराबर उपयोग कर पाएंगे। शिक्षकों का भी बेहतर उपयोग हो सकेगा।

# मनगटा क्षेत्र रिसोर्ट के संचालकों की ली बैठक

## पहचान पत्र रजिस्टर में संधारण करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मनगटा वनचेतना क्षेत्र रिसोर्ट के संचालकों, प्रबंधकों की पुलिस ने बैठक लेकर सीसीटीवी लगाने व रिसोर्ट में आने वाले लोगों का पहचान पत्र प्राप्त कर रजिस्टर में संधारण करने एवं असामाजिक गतिविधियां ना होने देने की समझाईश दी गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक व थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन की उपस्थिति में थाना सोमनी में वनचेतना केन्द्र मनगटा के रिसॉर्ट संचालकों व प्रबंधकों की मीटिंग लिया गया।



### अनैतिक गतिविधियों की सूचना पुलिस को दे

सीसीटीवी लगाने व उनके रखरखाव तथा सीसीटीवी कैमरों की बैकअप 15 दिनों से ज्यादा रखने तथा रिसोर्ट में आने-जाने वाले लोगों का वैध पहचान पत्र, आधार कार्ड प्राप्त कर रजिस्टर में संधारण करने, रात्रि में रिसोर्ट में डीजे नहीं बजाने, नशा का सेवन नहीं करवाने व आगंतुकों की सुरक्षा हेतु गार्ड तैनात करने व पुलिस हेल्प लाइन हेतु नोटिस बोर्ड लगाने तथा अनैतिक गतिविधियों की सूचना तत्काल सोमनी पुलिस को दिए जाने हेतु हिदायत दिया गया।

### रास्तों में करें पर्याप्त लाईट व्यवस्था

मीटिंग में वेदा रिसोर्ट, अकाय रिसोर्ट एंड विल्ला, जॉय-बॉय कैफे, रॉक विल्ला, ला-विल्ला, पुल-विल्ला, वन विनोदन रिसोर्ट, चेस्टा, स्काई, चिन्हारी, नौटंकी ढाबा, पिंजरा हाउस, तितोस विल्ला, मिराकल रिसोर्ट, सन्नी-इन्न, वनांचल, ई-6, लोचा वाटिका, डैड्स विल्ला, फोरेस्ट वाईबस, किंग्स इन्न रिसोर्ट के संचालक व प्रबंधक सम्मिलित हुए थे, जिन्हें रिसोर्ट आने-जाने वाले रास्तों में पर्याप्त लाईट की व्यवस्था करने कहा गया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही बसंतपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है। जिसकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है। पुलिस के अनुसार वाहन चोर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि चोरी हुए मोटर साइकिल सहित आरोपी टेमनलाल साहू 19 वर्ष निवासी चिलमगोटा थाना मंचुआ जिला बालोद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से घटना के संबंध में मेमोरंड कथन लेकर पूछताछ किया, जो थाना बसंतपुर क्षेत्र मे मोटर साइकिल को अपने साथी के साथ चोरी करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। एक अन्य आरोपी की पतातलाश जारी है।

# एकल अभिनय, नाट्य स्पर्धा का समापन

**राजनांदगांव।** पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरवपथ में एक जून को एकल अभिनय और नाट्य स्पर्धा का आयोजन राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व वरिष्ठ पत्रकार दुष्यंत दास शामिल रहे। प्रतियोगिता में एकल अभिनय प्रथम स्थान को 5000 रुपए, द्वितीय को 3000 व तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 1000 रुपए नगद राशि दिया गया। साथ ही नाटक प्रतियोगिता में प्रथम को 10000 रुपए व द्वितीय को 7000 तथा तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 3000 नगद राशि दिया गया। एकल अभिनय प्रतियोगिता में 7 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें राजनांदगांव के 3 कलाकार व दुर्ग से 3 तथा रायपुर से 1 कलाकार ने हिस्सा लिया। इन कलाकारों ने अपने-अपने अभिनय से राजनांगदगांव के दर्शकों का मन मोह लिया। एकल प्रतियोगिता में 7 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। इस प्रतियोगिता में भिलाई की अदविका तिवारी (सिन्ड्रेला) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार अनिता उपाध्याय (धरती के दो ध्रुव) भिलाई और तृतीय स्थान राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के फहीमुर्रहमान (एक कप चाय) रहे। नाटक स्पर्धा में कुल 50 मिनट का निर्धारित समय था। जिसमें चार नाटकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पहली प्रस्तुति नाटक आवाज का नीलाम का मंचन किया गया। जिसके लेखक धर्मवीर भारती और निर्देशक नवीन निर्मलकर थे, जिसे नवीन निर्मलकर व संकल्प तिवारी द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात शाश्वत उत्सर्ग युथ नाट्य संस्था धमतरी द्वारा पीयुष मिश्रा द्वारा लिखित व आकाशगिरी गोस्वामी द्वारा निर्देशित नाटक गगन द मामा बाज्यो का मंचन किया गया। तत्पश्चात राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा द लास्ट लेटर प्रस्तुत किया गया। इसके लेखक व निर्देशक शहर के रंगकर्मी रितेश सिंगाडे द्वारा किया गया और अंतिम प्रस्तुति सत्य नाट्य मंच भिलाई के नाटक दंश की रही। सभी नाटकों के प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा। नाटक विद्या स्पर्धा में प्रथम द लास्ट लेटर राजनांदगांव थियेटर ग्रुप, द्वितीय गगन दमामा बाज्यो धमतरी तथा तृतीय स्थान नाटक आवाज का नीलाम को दिया गया।

इस प्रतियोगिता में कैटेगिरी अवार्ड भी दिए गए। जिसमें बेस्ट एक्टर अवार्ड नवीन निर्मलकर को नाटक आवाज का नीलाम के लिए दिया गया। बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड आकाशगिरी गोस्वामी नाटक गगन द मामा बाज्यो धमतरी तथा बेस्ट स्टेज डिजाईन अवार्ड बेनेडिक्ट फ्रांसिस को नाटक द लास्ट लेटर को दिया गया। बेस्ट म्युजिक का अवार्ड रूपेश साहू नाटक द लास्ट लेटर को व बेस्ट लाईट अवार्ड अनिकेत को नाटक द लास्ट लेटर को दिया गया।

# नेता ने पीटा, पुलिस ने पीड़िता पर किया एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर बताया भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ने घर घुसकर महिला को मारा

खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भावसा में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा एक महिला की बेदम पिटाई करने का बड़ा मामला सामने आया है, जहां भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण मंडावी ने गांव की महिला जनक सिंघारे को बेरहमी से मारपीट किया है। जिसके बाद पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते पीड़ित महिला को भी कई धाराओं के तहत आरोपी बनाया है। उक्त मामले में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जांच दल का गठन किया गया था, जिन्होंने गांव पहुंचकर घटना कि वस्तुस्थिति का जायजा लिया एवं मोहला में पीड़िता के साथ प्रेसवार्ता कर आरोपी के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई है। कांग्रेस ने भाजपा शासन में पुलिस प्रशासन की नीयत पर भी सवाल उठाया है।



### भाजपा की करनी व कथनी में अंतर

मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने प्रेसवार्ता में कहा कि भावसा में घटित घटना भाजपा के महिलाओं के प्रति सम्मान और सिंदूर की रक्षा जैसे उतावला बातों को आईना दिखाने का कार्य कर रही है। एक अधेड़ उम्र की महिला को उसके घर से बालों को खींचते हुए घसीटकर सार्वजनिक स्थान गली में निकालकर लहुलुहान होते तक बेदम मारपीट करना, सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करना, महिला का सम्मान हिन्दू रीति नीति में उसकी चूड़ी से किया जाता है, किन्तु एक महिला के चूड़ी टूटते तक मारना और उसे जलील करना भाजपा के महिला सम्मान के प्रति दिखावटी सोच को तार-तार करती है। हर महिला में एक मां, एक बहन, एक पत्नी समाई हुई है, परन्तु उन्हें बेइज्जत किया जा रहा है और भाजपा की शासन एवं प्रशासन इस मामले में केवल चुप्पी साधकर बैठते हुए आरोपी को बचाने में लगा हुआ है। प्रेसवार्ता में महिला ब्लॉक कांग्रेस मोहला अध्यक्ष मीणा मांझी, महामंत्री लता साव, राजेंद्र जुरेशिया, अब्दुल खलीक, महेश कुंजाम, अजय राजपूत, प्रेमदास मंडावी, देवानंद कौशिक, हरीश सिन्हा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पीड़िता के परिजन व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पीड़िता को किया परेशान, करते रहे गुमराह

पीड़िता जनक सिंघारे ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि 22 मई को ग्राम भावसा निवासी भाजपा के जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत भावसा के उपसरपंच प्रवीण मंडावी ने बच्चों की लड़ाई के मामले में घर में घुसकर बेदम पिटाई की। घटना के बाद जब पीड़िता थाना में फरियाद लेकर पहुंची तो सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया। विवेचक ने समझौता करने हेतु दबाव बनाने लगा। पीड़िता को स्वयं के मोटर साइकिल में डॉक्टरी मुलाहिजे के लिए मोहला सामुदायिक अस्पताल लाया गया। पीड़िता ने बताया कि वहां लगातार तीन दिन तक लगातार थाना जाने के बाद पुलिस ने 25 मई को रात 8.42 बजे रिपोर्ट दर्ज किया। जिसमें आरोपी के ऊपर बीएनएस की धारा 332 (सी), 296, 115 (2), 351 (2) के तहत कार्रवाई किया गया, परन्तु आज तक गिरफ्तारी नहीं किया गया है।




## पेज 09 का शेष

### खबर का असरः हटाए गए...

ताला तोड़कर कब्जा मुक्त कराया। शहर के रेवाडीह स्थित मकान में एक-दो कब्जाधारी ऐसे भी थे, जिन्होंने एक से अधिक मकान पर अपना कब्जा किया हुआ था। **कब्जाधारियों को कैसे मिला मीटर-** रेवाडीह स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में कब्जाधारियों को सीएसईबी द्वारा विद्युत कनेक्शन भी दे दिया गया। सवाल यह उठता है कि जब कब्जाधारियों के पास उस मकान को लेकर कोई भी दस्तावेज नहीं है तो फिर विद्युत मीटर कैसे दिया गया। रेवाडीह के कब्जाधारी ने बताया कि उन्होंने मीटर लगाने के लिए 4 हजार रुपए एक व्यक्ति को दिए थे। जिसके बाद एक ही दिन में लग गया था।

### पहले चरण में....

शुरू किया गया है। निगम सीमा क्षेत्र के कुओं की सफाई को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने सभी कुंओं से सील्ट निकालकर अच्छे तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

**बारिश पूर्व सफाई का प्रयास-** नगर निगम द्वारा बारिश पूर्व शहर के कुंओं की सफाई को लेकर सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। शहर के मोतीपुर बरबट्टी कुंआ सहित वार्ड नंबर 11 और 12 में भी कुओं की सफाई की गई है। कुओं की सफाई से शहर में वाटर रिचार्जिंग भी बेहतर होगा।

**लंबे समय बाद कुओं की सुध-** शहर के ज्यादातर सार्वजनिक कुएं कचरों और झाड़ियां से अटे पड़े हैं। सफाई नहीं होने के चलते कुएं के पानी से बदबू आती है। अब लंबे समय बाद नगर निगम ने वार्डों के स्थानीय सार्वजनिक जलस्रोतों की सुध ली है।

### जांच रिपोर्टः मेन पावर की..

उल्लेख किया है कि 25 मार्च को जब ट्राली वापस लौट रही थी, उस दौरान नीचे स्टेशन में मानव संसाधन की कमी थी। जिसके कारण ही यह हादसा हुआ है। गौरतलब है कि रोपवे का संचालन लंच टाईम में किया जा रहा था। जिसके कारण ही वहां कर्मी मौजूद नहीं थे। इधर जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ट्राली का रन सिंगल पाथ पर एवं सार्प कर्व चैनल होने के कारण ही यह हादसा हुआ है।

### कनकी मिलाकर सरकारी...

मिले होने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसे में गरीबों को शुद्ध चावल मिलने के बजाय कनकी मिलावट वाला चावल मिल रहा है। शासन-प्रशासन को इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेने की जरूरत है। जमा किए गए चावल में कनकी की मात्रा 22 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके लिए 0.5 फारेन मेटर यानी कंकड़-पत्थर आदि पाए जाने पर चावल को जमा करने से मना कर दिया जाता है। निर्धारित मापदंड के अनुसार जमा किए गए चावल में 3.0 फीसदी से अधिक डैमेज चावल की मात्रा नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां पर राशन दुकानों में सप्लाई किए गए चावल की नॉन के क्वालिटी इंस्पेक्टरों द्वारा गुणवत्ता के मापदंड की जांच ही नहीं की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आधा-अधूरी नाली निर्माण कार्य से मोहल्ले वासी परेशान

**हरिभूमि पंडरिया।** नगर के वार्ड नंबर 12 में नगर पालिका द्वारा नाली की खुदाई तो कर दी गई लेकिन निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे वार्ड क्रमांक 12 के रहवासियों को भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आधा अधूरी नाली निर्माण कार्य के कारण खासकर महिलाओं व बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। निर्माण कार्य आधा अधूरा होने के कारण छोटी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। साथ ही साथ नाली में गंदा पानी जमा होने से दुर्गंध तथा मच्छर प्रकोप भी बढ़ रहा है। जिससे आसपास के रहवासियों में स्वास्थ्य संबंधी बीमारियो के खतरा सताने लगी है। जिस पर रहवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से शिवका शिकायत कर जल्द से जल्द आधा अधूरा नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं जाने की मांग की गई ताकि वार्ड क्रमांक 12 के रहवासियों को सुविधा तथा राहत मिल सकें। साथ ही साथ दुर्गंध व मच्छरों प्रकोप व स्वास्थ्य समस्या ना हो।

**न्यायालय तहसीलदार कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई कोर्ट नं. 202505082400018 ब/121/ वर्ष-2025-26
ग्राम लखनपुरकला प.ह.नं.03

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम-लखनपुरकला प.ह.नं.-03 रा.नि.मं. नेवारी तहसील कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार चन्द्रवंशी आ. बदिश्वर चन्द्रवंशी निवासी ग्राम लखनपुरकला तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा ग्राम लखनपुरकला में अपने माता सुशिला चन्द्रवंशी की मृत्यु दिनांक 26.10.2023 का जन्म/ मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत लखनपुरकला करण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र एवं विलम्बित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किए जाने प्रस्तुत शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड की फोटो प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 06.06.2025 को नियत किया गया है।

अतः आवेदक अपने माता सुशिला चन्द्रवंशी पति बदिश्वर चन्द्रवंशी पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 21.05.2025
पेशी दिनांक - 06.06.2025

मुहर

तहसीलदार
कवर्धा

# जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी चांदनी साहू ने प्राप्त किया कांस्य

■ कांस्य पदक प्राप्त कर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 43वीं जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन चंडीगढ़ में 29 मई से 02 जून तक आयोजित किया गया था, जिसमे छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गो की टीम भी सम्मिलित हुई थी। वहीं इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बालिका टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से कांस्य पदक लगाया है।

इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बालिका वर्ग में चांदनी साहू एवं बालक वर्ग में कृष सिन्हा, पंकज मेरावी कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जो 27 मई को रायपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए थे। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अभावों के बीच अकेडमी के खिलाड़ी प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तरों पर चयनित हो रहे है और पदक प्राप्त कर रहे है। वहीं कवर्धा के तीन खिलाड़ियों का सॉफ्टबॉल जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था, जिसमें चांदनी साहू एवं उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करके कांस्य पदक प्राप्त किया। और प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया जो जिले के लिए गौरव की बात है।

### जिले के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की



वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ी चांदनी साहू द्वारा सॉफ्टबॉल जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, रायपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के महासचिव ओपी शर्मा, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ठ समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना दी गई।

### कवर्धा में 401 हितग्राहियों को 43.92 लाख के सहायक उपकरण वितरित

# दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों का सशक्तिकरण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए मंगलवार को कवर्धा के समीप सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार की एडीआईपी योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह शिविर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कवर्धा के प्रांगण में संपन्न हुआ।

शिविर में भाग लेने वाले लाभार्थी दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये उपकरण उनके जीवन में आत्मसम्मान और सुविधा की भावना को और अधिक सशक्त बनाएंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की धरोहर हैं। शासन की योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह शिविर शासन की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर का आयोजन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा किया गया, जिसमें जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग, कबीरधाम का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पांडा, संबंधित विभागों के अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, विभिन्न ग्रामों के पंच, सरपंच, ग्रामीणजन तथा हितग्राहियों के माता-पिता एवं अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक दुर्गेश पांडेय ने प्रभावशाली ढंग से किया।

### हितग्राहियों के आत्मनिर्भरता व सुविधा की नई राह खोली



जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि शासन की जन-कल्याणकारी योजनाएं जब जरूरतमंदों तक सही समय पर पहुंचती हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। यह योजना समाज में समानता और समावेशन को बढ़ावा देती है। हम सभी को मिलकर ऐसे लोगों के लिए अवसर और समर्थन प्रदान करना चाहिए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि दिव्यांगजन को समान अवसर देकर ही एक समावेशी समाज की कल्पना साकार की जा सकती है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल ने कहा कि शासन की योजनाएं अब जमीनी स्तर तक पहुंच रही हैं और इसका लाभ सीधे हितग्राहियों को मिल रहा है। जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। शासन की योजनाएं अब जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं, जो सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। शिविर में पूर्व चिन्हांकित कुल 401 हितग्राहियों को लगभग 43.92 लाख रूपए लागत के सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिनमें ट्रायसाइकिल, मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, वॉकिंग स्टिक, टीएलएम किट और रोलेटर जैसे आवश्यक उपकरण शामिल थे। इन उपकरणों ने हितग्राहियों के जीवन में आत्मनिर्भरता और सुविधा की नई राह खोली।

# उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में गांवों का हो रहा समुचित विकास: कैलाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने और ग्रामीणों की मांग व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इस कड़ी में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्राम पंचायत बटुराकछार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.30 लख रुपए और आश्रित ग्राम कोदवा में मंगल भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दोनों ग्रामों में स्वीकृत सामुदायिक भवन तथा मंगल भवन निर्माण कार्य का जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का श्री गणेश किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास पूरी तरह से थम चुका था, स्थिति ये थी कि ग्रामीणों की लाख मांग और अर्जी विनती के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यो तक की स्वीकृति नहीं दी जा रही थी। लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास व निर्माण कार्यो की न सिर्फ स्वीकृति दी जा रही है, बल्कि उन्हें बगैर देर किए मूर्त रूप भी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम बटुराकछार में सामुदायिक भवन तथा कोदवा में मंगलभवन निर्माण की नींव रखी गई है। ग्राम पंचायत बटुराकछार में एक साथ दो भवनो की स्वीकृति मिलने और कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में भारी खुशी देखी गई और उन्होने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में तम्बाकू नियंत्रण समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिनों शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विचार संगोष्ठी, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने नशामुक्त शैक्षणिक संस्थान एवं समाज बनाने हेतु अपने उद्बोधन दिए। एनसीसी अधिकारी भानुप्रताप सिंह ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया, भोरमदेव नशामुक्ति केंद्र से निशांत यादव द्वारा नशा से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया तथा नशामुक्ति केंद्र में उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी दी। रूपेंद्र दुबे द्वारा भोरमदेव नशामुक्ति केंद्र से उपचार प्राप्त कर समाज की मुख्यधारा में आने तथा नशा न करने हेतु अपने संकल्प का अनुभव को साझा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन तम्बाकू नियंत्रण समिति संयोजक एवं रासेयो महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। उन्होंने इस दिवस पर जन-जागरूकता तथा नशा के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर प्रकाश डाला। वहीं भाषण प्रतियोगिता में नंदकिशोर प्रथम स्थान एवं हिना मिश्रा द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में अनुराधा चौहान प्रथम एवं हसीना डहरिया द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार कुलमित्र, जय मेहरा, कृष्ण बंजारे, संतोष डहरिया, अतिथि व्याख्याता संजय खान, विक्रम चंद्रवंशी, हेमंत शर्मा, उमेश राजपूत, भोरमदेव नशामुक्ति केंद्र के स्टाफ दिनेश, हिमांशु तथा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स तथा अन्य विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# सेवानिवृत्त सुखलाल अनुकरणीय सेवा के बाद पुलिस विभाग ने दी सम्मान पूर्वक विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुखलाल धुर्वे का भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। थाना पाण्डातराई में पदस्थ थे तथा 38 वर्ष 8 माह एवं 2 दिन की दीर्घ, अनुशासित एवं सराहनीय सेवा पूर्ण कर मंगलवार को पुलिस विभाग से सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त हुए। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थें। सभी अधिकारियों द्वारा श्री धुर्वे को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सुखलाल धुर्वे ने 29 सितंबर 1986 को आरक्षक पद से जिला बिलासपुर में अपनी सेवा यात्रा प्रारंभ की। वर्ष 1988-89 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रीवा पीटीएस से प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने रतनपुर, पंडरिया, कुण्डा, रेगांखार, कवर्धा कोतवाली, कुकदूर, भोरमदेव तथा पाण्डातराई जैसे विभिन्न थानों में कर्तव्य निष्ठा के साथ सेवाएं दीं। वर्ष 2018 में वे सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। अपने सेवाकाल में उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए। थाना रतनपुर में पदस्थापना के दौरान ग्राम चकोरा में एक अचेत व्यक्ति को मृत मानकर मर्ग दर्ज की जा रही थी, लेकिन उन्होंने मानवीय संवेदनशीलता और सतर्कता का परिचय देते हुए उसे जीवित कर जीवनदान दिया। वहीं थाना कवर्धा कोतवाली में कार्यरत रहते हुए ईवीएम गार्ड की रायफल चोरी की घटना में उन्होंने त्वरित कार्यवाही कर संदिग्ध की पहचान सुनिश्चित की, जिससे मामले की दिशा तय हुई। सहायक उप निरीक्षक श्री धुर्वे अपने पूरे सेवा काल में ईमानदारी, सादगी, सौम्यता एवं कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण के लिए जाने गए। वे विभाग में एक अनुकरणीय और प्रेरणास्त्रोत कर्मचारी के रूप में याद किए जाएंगे। जिस पर पुलिस विभाग उनकी इस दीर्घकालीन सेवा, निष्ठा एवं योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करता है एवं उनके सुखद, स्वस्थ एवं सम्मानपूर्ण भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

# राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए परमेश्वरी यादव का छत्तीसगढ़ टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



जिले के दामापुर बाजार क्षेत्रांतर्गत ग्राम अतरिया खुर्द निवासी परमेश्वरी यादव तीसरी बार महिला गोल शॉट बॉल की राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है। खिलाड़ी परमेश्वरी यादव जिन्होंने टारगेट बॉल में अंतर्राष्ट्रीय खेल में भी प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी है। खिलाड़ी परमेश्वरी यादव पंजाब में आयोजित हो रही तीसरी महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 मे हिस्सा लेने जा रही है, जो कि 12 से 15 जून तक संगूर (पंजाब) में आयोजित है। छत्तीसगढ़ की टीम अपने कोच गौरव कटाकवर के साथ 11 जून को पंजाब के लिए रवाना होगी। जो कि कबीरधाम जिले से खिलाड़ी परमेश्वरी यादव छत्तीसगढ़ टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगी। जिस पर ग्रामवासियों नें उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कबीरधाम जिले व क्षेत्र की नाम रौशन करने बधाई दी।

# ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से मिली निजात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर के आश्रित ग्राम चंडालपुर स्थित हैंडपंप एक माह से बंद व खराब होने के कारण ग्रामवासियों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिस पर ग्रामीणों ने पानी की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा पीएचई विभाग से शिकवा शिकायत कर हैंडपंप की मरम्मत व सुधार की मांग की गई। जिस पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारी द्वारा रहवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बंद हैंडपंप की मरम्मत एवं सुधार किया गया। जिससे ग्राम चंडालपुर के रहवासियों को हैंडपंप की सुधार कार्य होने से पेयजल की समस्या से निजात मिली। वही दूसरे तरफ हैंडपंप में मोटर पंप भी लगाया गया है जिनके कारण से ग्रामीणों को दोहरा लाभ मिल रहे हैं बिजली बंद हो जाने पर हाथ के माध्यम से पेयजल उपलब्ध हो रही है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को आभार व्यक्त किया गया।

### उत्तरप्रदेश राज्य के 7 संदिग्ध व्यक्ति चिन्हित कर वैधानिक कार्रवाई की गई

# पुलिस टीम की दबिश, सुनसान स्थानों, नशाखोरी व संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध चलाया विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में गत दिनों सोमवार को कवर्धा नगर क्षेत्र में विशेष सघन दबिश एवं निगरानी अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य नगर के विभिन्न इलाकों में अड्डेबाजी, नशाखोरी जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण एवं बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना रहा। नगर के सुनसान क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, निर्माणाधीन इमारतों, पार्कों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल द्वारा दबिश देकर संदिग्ध रूप से मौजूद व्यक्तियों की जांच-पड़ताल की गई। तथा देर-रात तक अनावश्यक रूप से घूमने वाले एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को रोककर पूछताछ की गई।

इस दौरान उत्तरप्रदेश राज्य के 7 संदिग्ध व्यक्ति चिन्हित किए गए, जो बिना किसी वैध दस्तावेज अथवा पुलिस को सूचना दिए कवर्धा में निवासरत पाए गए। उन्हें थाना लाकर आवश्यक पूछताछ की गई एवं उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में सुनसान स्थानों पर नशे की हालत में अड्डेबाजी करते युवकों को पकड़ा गया। उन्हें सख्त चेतावनी दी गई एवं आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही की गई।

### पुलिस टीम ने की आम नागरिकों से अपील

कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील कर किसी भी मोहल्ले या कॉलोनी में बाहरी व्यक्ति यदि बिना जानकारी अथवा पहचान पत्र के निवास करता हो, या कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न दिखे तो तत्काल स्थानीय थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। इसी प्रकार, सुनसान जगहों पर अड्डेबाजी, नशाखोरी अथवा समूहों में एकत्रित होकर असामाजिक गतिविधियां करना न केवल कानूनन अपराध है बल्कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था को भी खतरे में डालता है। नागरिकों की सतर्कता पुलिस के लिए अत्यंत सहायक होती है। कबीरधाम पुलिस आपसे अनुरोध करती है कि सुरक्षा और शांति बनाए रखने में सहयोग करें ताकि आपकी छोटी सी जानकारी एक बड़ी घटना को रोक सकती है। पुलिस आपकी पहचान गोपनीय रखकर आवश्यक कार्यवाही करेगी, कबीरधाम पुलिस हर परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

# साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



■ एक कदम स्वच्छता की ओर प्रहलाद कश्यप की सराहनीय पहल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूरी स्थित ग्राम बांझीमौहा निवासी प्रहलाद कश्यप ने गली-मोहल्ले से कूड़ा-कचरा व नालियों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होने बताया कि एक कदम स्वच्छता की ओर गली-मोहल्ले व चौक-चौराहों की साफ-सफाई कर गांव, गली व मोहल्ले स्वच्छ और सुंदर स्वच्छता बहुत जरूरी होती है इसलिए गली-मोहल्ले व चौक-चौराहे की साफ-सफाई की गई। साथ ही साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया, जिससे गांव में साफ-सफाई व सुंदरता बनी रहे ताकि रहवासियों की सेहत संबंधि बीमारी न फैल सके।

## खबर संक्षेप

### विशेष स्वास्थ्य मेला का आयोजन आज

**कवर्धा।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 4 जून 2025 को 'दाई-ववा दिवस' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक हेल्थ मेले के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल सुनिश्चित करना तथा समुदाय स्तर पर उनके सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर सभी विकासखण्डों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर हेल्थ मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश संबंधित अधिकारियों को पूर्व में जारी कर दिए गए हैं। विकासखण्ड बोड़ला में भी विशेष रूप से वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दाई-ववा दिवस की थीम "हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर" निर्धारित की गई है। आयोजन को प्रभावशाली बनाने हेतु सीएचओ, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

### प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट के परिणाम घोषित

**कवर्धा।** व्यापमं ने एक मई को प्री पॉलीटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) लिया था। इस प्रवेश परीक्षा के परिणाम व्यापमं की वेबसाइट में अपलोड कर किया गया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक व्यापमं की वेबसाइट पर सभी उपस्थित परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम उपलब्ध है। अभ्यर्थी प्रोफाइल में लॉगिन कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

### 7 जून तक मनाया जाएगा चावल उत्सव

**कवर्धा।** जिले में 7 जून तक चावल उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई व अगस्त तीनों माह का चावल एकमुश्त वितरण किया जाएगा। सभी उचित मूल्य दुकान से चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर दुकानों में वितरण संबंधित जानकारी का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। सभी हितग्राहियों को ई-पॉस मशीन से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही चावल दिया जाएगा।

### पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन 10 जून तक

**कवर्धा।** शासकीय स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी खिलाड़ियों के लिए शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में बीपीएड व डीपीएड पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 जून 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिन सहायक शिक्षकों की रूचि विभागीय प्रशिक्षण (बीपीएड अथवा डीपीएड) प्राप्त करने में है, वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय में 10 जून तक जमा कर सकते हैं।

# पंडरिया शक्कर कारखाना को बचाने भारतीय किसान संघ चलाएगा ऑपरेशन सरदार

- भारतीय किसान संघ का धरना प्रदर्शन व चक्काजाम 5 जून को, भ्रष्टाचार समाप्त होते तक जारी रहेगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के हजारों गन्ना उत्पादक किसानो के साथ सैकड़ों मजदूरों और युवाओं की रोजीरोटी व जीविकोपार्जन का सहारा बने विकासखण्ड पंडरिया में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पाद कारखाना में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समूल नाश करने तथा भ्रष्टाचार के चलते लगातार कर्ज में डूबकर बंद होने के कगार में पहुंच चुके कारखाना को बचाने का बीड़ा अब भारतीय किसान संघ ने उठाया है।

इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया को भ्रष्टाचार से मुक्त कराने के लिए संघ ऑपरेशन सरदार प्रारंभ करने जा रहा है। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि इस ऑपरेशन की पहली कड़ी के रूप में 5 जून, दिन गुरुवार को दोपहर 2.00 बजे से पंडरिया कारखाना के सामने परसवारा चौक पर भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन तथा चक्काजाम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी लिखित सूचना जिला प्रशासन के साथ ही कारखाना प्रबंधन को दे दी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना की स्थापना वर्ष 2017 में हुई थी।

स्थापना के समय से ही यह कारखाना किसानों के आर्थिक उन्नति का पर्याय बना। यथा नाम तथा गुण की कहावत को सिद्ध करते हुए यह सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना पूरे देश के शक्कर कारखाना का सरदार और नंबर वन कारखाना बना। लेकिन चंद लालची एवं लोभी प्रवृति के लोगों के भ्रष्टाचार की वजह से आज यह कारखाना सैकड़ों करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है।

स्थिति ये है कि कारखाना किसानों को गन्ना का भुगतान करने में भी असमर्थ हो चुका है और बंद होने की कगार पर खड़ा है। संघ के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि अगर कारखाना बंद होता है तो जिले के हजारों किसान, कारखाना में काम करने वाले सैकड़ों मजदूर और युवाओं के जीवन में अंधेरा छा जाएगा। विकास तथा उन्नति का मार्ग बाधित हो जाएगा। इस बात को और इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही भारतीय किसान संघ ने अब पंडरिया शक्कर कारखाना को बचाने के लिए अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

### कारखाना में भ्रष्टाचार के हर ठिकाने पर होगा प्रहार: संघ



भारतीय किसान संघ ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार भी पंडरिया शक्कर कारखाना को कर्ज देते-देते थक चुकी है, लेकिन कारखाना के बड़े-बड़े मगरमच्छ रूपी भ्रष्ट अधिकारियों तथा उनके आकाओं का पेट नहीं भर रहा है। संघ ने कहा कि कारखाना के पंजीकृत किसान कारखाना के मालिक हैं और कारखाना में व्याप्त अव्यवस्था तथा भ्रष्टाचार को दूर करना उनका फर्ज है। कारखाना की व्यवस्था को सुधारने, व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने, कारखाना को कर्ज के बोझ से उबारने तथा कारखाने को पुनः देश के शक्कर कारखानों का सरदार बनाने भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में ऑपरेशन सरदार चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत कारखाना को नुकसान पहुंचाने वाले भ्रष्टाचार के उन सभी ठिकानों पर प्रहार किया जाएगा जिसकी वजह से किसानों को समृद्धि के मार्ग पर ले जाने वाला विकास का यह इंजन फेल होने के कगार पर पहुंच गया है। संघ ने कहा कि यह ऑपरेशन सरदार लक्ष्य की प्राप्ति तक जारी रहेगा। तथा कारखाने को उसके गौरवशाली स्थान पर पहुंचाकर ही बंद होगा।

**हत्या:** जिले की खस्ताहाल और चरमराई कानून व्यवस्था के बीच अपराधियों के हौसले बुलंद

# जिले में महज चौबीस घंटों में दो ग्रामीणों की हत्या, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

जिले की खस्ताहाल और चरमराई कानून व्यवस्था के बीच प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में बीते चौबिस घंटों में अज्ञात आरोपियों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। हैरानी की बात यह है कि हत्या जैसे संगीन अपराध के इन दोनों ही मामलों में अभी तक पुलिस के हांथ खाली है और आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। विडंबना यह भी है कि ये दोनो ही हत्याएं आरोपियों ने ग्रामीणों के घर में घुसकर की है।

ताजा मामला जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम बककड़ा महली का है। बताया जाता है कि बीते सोमवार की दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच स्थानीय निवासी रामगुलाल धुर्वे पिता अमर सिंह बैगा आयु 40 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिन दहाड़े घर में घुसकर उस समय गला रेतकर हत्याकर दी गई जब वह घर में अकेला था।

हालांकि अभी तक हत्या किए जाने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि वारदात के वक्त मृतक का पुत्र बकरी चराने गया था और जब वह शाम को वापस घर लौटा तो घर में उसे पिता का खून से लतपथ शव पड़ा था। जिसकी सूचना उसने तत्काल अपने दूसरे परिजनो तथा आसपड़ोस के लोगों को दी तथा घटना की सूचना पाण्डातराई पुलिस को दी गई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है तथा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

आरोप है कि जिला पुलिस प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते अपराधी, असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और वे बड़े ही बेखौफ ढंग से हत्या जैसे संगीन अपराधों को भी अंजाम देने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। फिर चाहे जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के बदौरा जंगल में एक युवति के साथ जीवलेवा मारपीट का मामला हो या फिर प्रभाटोला में ग्रामीण बुजुर्ग की हत्या का मामला हो या फिर पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम बककड़ा महली का यह मामला हो। आरोप यह भी है कि पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों से सांठगांठ कर उन्हें बचाने का भी प्रयास किया जाता है। विभिन्न आपराधिक मामलों में कभी अपराधियों के खिलाफ धाराओं में उठापटक कर मामले को कमजोर किया जाता है तो कभी मौकाए वारदात से जप्ती कम बताकर संबंधित अपराधियों को बचने का भरपूर मौका दिया जाता है। जिसके चलते सुबह गिरफ्तार आरोपी शाम को जेल से रिहा हो जाता है, कई बार तो उसे मुचलके पर ही छोड़ दिया जाता है। माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासन की अपराधियों के प्रति यही दरियादिली उन्हें अगला अपराध करने का मौका और हौसला देती है।



### एक दिन पूर्व ग्राम प्रभाटोला में बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

गौरतलब है कि इससे एक दिन पूर्व ही रविवार की रात करीब 8.00 बजे पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला निवासी अगमदास कुर्रे पिता बिसहुआ कुर्रे आयु 65 वर्ष की अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी मारकर हत्याकर दी गई। मृतक का खून से लतपथ शव उसके घर के बाहर पड़ा दूसरे दिन सोमवार की सुबह करीब 5.00 बजे परिजनो ने देखा और इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी, बाद में घटना की सूचना पोंड़ी पुलिस तक पहुंचाई गई। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है लेकिन अभी तक अज्ञात आरोपी पुलिस गिरफ्त से फरार बताया जा रहा है।



# बिजली को लेकर कवर्धा के कैलाश नगर में आधी रात बबाल

- पूरी रात गायब रही बिजली, दूसरे दिन बदला गया ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कहने को तो सत्ता परिवर्तन के बाद जिला मुख्यालय कवर्धा सहित जिले की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने के नाम पर शासन द्वारा करोड़ों रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। बताया जाता है कि सत्ता परिवर्तन के चंद महिनो बाद ही कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से नए ट्रांसफार्मरों की खरीदी और व्यवस्था में सुधार के लिए करीब 20 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत कराई गई थी।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन के इस सहयोग व स्वीकृति के बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की व्यवस्था सुधरते नहीं दिखाई दे रही है। जिसका खामियाजा इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की इस अव्यवस्था की एक बानगी बीते सोमवार की आधी रात को जिला मुख्यालय कवर्धा के कैलाश नगर में भी देखने को मिली।

जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात करीब 10.00 बजे कैलाश नगर पुलिस चौकी के बगल में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर तेज आवाज के साथ भरभराकर जल गया। जिसके चलते नगर के वार्ड क्रमांक 02, 03 एवं 8 की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। पहले तो लोगों ने सोचा की यह रोज की बात है और कुछ देर में बिजली बहाल हो जाएगी। लेकिन काफी समय तक बिजली के गायब रहने पर लोगों ने इसकी सूचना विभाग को दी।

सूचना पाकर विभाग के लाईन मैन भी मौके पर पहुंचे और उन्होने अपने स्तर पर सुधार कार्य भी किया लेकिन उन्हें इस कार्य में सफलता नहीं मिल पाई। काफी प्रयास के बाद कर्मियों ने एक फेस चालू कर दिया लेकिन फिर भी एक बड़े ईलाके की बिजली आपूर्ति बंद रही है। जिसे लेकर लोगों में खासी नाराजगी देखी गई और बड़ी संख्या में लोग ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गए।

नाराज उपभोक्ता लाईन मेन से तत्काल बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग करने लगे जबकि कर्मियों ने स्पष्ट किया कि ट्रांसफार्मर जल चुका है और अब सुबह ही सुधार कार्य संभव है। जिसे लेकर विद्युत कर्मियों और उपभोक्ताओं के बीच काफी कहा सुनी और वाद विवाद भी होते रहा है।

स्थिति यहां तक पहुंच गई की डॉयल 112 को सूचना दी गई और जब डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची तब कहीं जाकर विद्युत कर्मी मौके से निकल पाए। बिजली को लेकर आधी रात में मचे इस बबाल के बाजूद पूरी रात क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को बगैर बिजली के ही भीषण गर्मी में गुजारा करना पड़ा। हालांकि मंगलवार की सुबह विभाग ने लोगों के गुस्से और नाराजगी को भांपते हुए ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी।

# सरेखा में बटालियन के जवानों ने सीखे योग व प्राणायाम के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में सेनानी 17 वीं बटालियन विशेष वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जिला कबीरधाम ग्राम सरेखा में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रथम दिन 17 वीं बटालियन के एसपी साहब कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, उप सेनानी प्रमोद गुप्ता, सहायक सेनानी श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, सेनानी बद्रीनाथ मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर योग सत्र का शुभारंभ किया गया। इस तीन दिवसीय योग शिविर में पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष योगाचार्य सुरेश चंद्रवंशी द्वारा बटालियन के जवानों को न सिर्फ शरीर को फिट रखने वाले योगाभ्यास बताए बल्कि इस भयंकर आपाधापि, दौड़ धूप वाले जीवन में शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाकर जीवन को स्वस्थ और सुखी कैसे बनाए रखना है इसके लिए बाबा स्वामी रामदेव द्वारा बताए गए 8 प्राणायाम और आसनों के विषय में बारीकी से जानकारी दी तथा प्राणायाम सिखाए। कार्यक्रम के अंतिम दिन योगाचार्य सुरेश चंद्रवंशी को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं उनके साथी महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी उमा चंद्रवंशी, महामंत्री श्रीमती ज्योति शुक्ला, योग शिक्षक हरिराम साहू एवं रमेश साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

एनएचएम कर्मचारी संघ की बैठक गत दिनों राजनांदगांव में संपन्न हुई। बैठक में केसीजी जिला के संविदा कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में आगामी रणनीति एवं प्रदेश स्तरीय आंदोलन पर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर 20 वर्षों से संघर्षरत है। वह नियमितीकरण, ग्रेड पे, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह उपरोक्त मांगो को लेकर कर्मचारियों ने स्वास्थ्य भवन घेराव किया था। प्रशासन ने एक माह में उक्त मांगो को पूर्ण करने का वादा किया था किन्तु अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। मांग पर निर्णय नहीं होने पर कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया।

शिक्षक सांझा मंच आज करेगा युक्तियुक्तकरण का विरोध, विभाग की कई खामियां उजागर

# जिला मुख्यालय में शिक्षकों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शिक्षक साझा मंच के बैनर तले शिक्षकों के चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में दो जून से प्रारम्भ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन तीन जून को भी अनवरत जारी रहा। विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के चलते काउंसिलिंग का विरोध करने के लिए जिले के शिक्षकगण चार जून को प्रातः आठ बजे रानी दुर्गावती चौक के पास स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा के पास एकत्रित होंगे। साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी एवं प्रांतीय उपसंचालक सी. डी. भट्ट ने कहा कि वित्त विभाग की स्वीकृति से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सन 2008 में जारी सेटअप के अनुसार पदांकित शिक्षकों को जिले में अतिशेष बना दिया गया है। सभी स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध कराने की प्रचार कर रहा शासन प्रशासन यह बताने से क्यों घबरा रहा है कि प्रत्येक प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में शिक्षक के एक-एक पद को हमेशा के लिए खत्म कर दिए हैं। जिले में अतिशेष घोषित 283 शिक्षकों में से ज्यादातर स्कूलों में शिक्षक के पद खत्म करने के कारण ही अतिशेष की श्रेणी में आये हैं। हमारा आंदोलन केवल शिक्षक हित के लिए नहीं, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूलों में शिक्षक पद घटाकर शिक्षा व्यवस्था को निजीकरण की ओर ले जा रहा है।

### जिले के सबसे बड़े ऐतिहासिक करपात्री जी स्कूल की व्यवस्था बिगाडने का खेल

जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले के सबसे बड़े व ऐतिहासिक स्कूल स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के सात व्याख्याताओं को अतिशेष बना दिया गया है, जबकि ये सातों व्याख्याता स्वीकृत पद के अनुसार ही नियमानुसार पदस्थ हैं। दरअसल इस स्कूल में व्याख्याता के कुल 38 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 29 व्याख्याता ही कार्यरत हैं। इस प्रकार स्वामी करपात्री जी स्कूल में अभी भी व्याख्याता के 9 पद खाली है, लेकिन इसके विपरीत 7 व्याख्याताओं को अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जिससे स्पष्ट है कि जिले के सबसे बड़े व ऐतिहासिक स्कूल की व्यवस्था बिगाड़ने में शिक्षा विभाग ही कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस स्कूल में अब तक पढ़े सभी विद्यार्थियों को इसे बचाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है।

### प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत शिक्षक को बनाया अतिशेष

जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मई 2022 में जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में गणित विषय के व्याख्याता पद पर नंद कुमार सोनी की प्रतिनियुक्ति चार वर्षों के लिए किया है। साथ ही प्रतिनियुक्ति आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया है कि प्रतिनियुक्ति की अवधि चार वर्ष की होगी एवं निर्धारित अवधि के पूर्व प्रतिनियुक्ति की सेवाएं वापस करने के लिए राज्य शासन से सहमति प्राप्त किया जाना होगा, लेकिन जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों ने शासन के आदेश को धता बताते हुए शासन से सहमति लिए बगैर ही नंद कुमार सोनी को अतिशेष घोषित कर दिया है।

# टैलेंट शो के ऑडिशन में अद्विका रावत को मिला फर्स्ट रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




हुनर की खोज द टैलेंट शो में अद्विका रावत ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। 8 साल की अद्विका नगर में आयोजित सिंगिंग ऑडिशन के जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर रहीं। कड़ी स्पर्धा के बीच अद्विका की सुरीली प्रस्तुति को खूब सराहा गया। साल भर पहले ही नन्हीं गायिका ने इमरांस सुपर मेलोडियस वॉइस ऑनलाइन सिंगिग कॉम्पिटिशन में फर्स्ट प्राइज रैंक हासिल किया था। इस बार अद्विका लाइव प्रस्तुति के लिए अपना बेस्ट देने पहले ही तैयारी में लग गई थी। ऑडिशन के दौरान ऑडियंस में तालियों की गड़गड़ाहट से ही विनिंग परफॉर्मेंस के झलक दिख गये थे। ऑडिशन में सलेक्ट होने के बाद अद्विका आगामी 8 जून को शो के मेगा ऑडिशन में अपना परफॉर्म करेंगी। नगर के वीर सावरकर भवन में आयोजित महासंगम में पंडरिया, मुंगेली, बेमेतरा, गंडई एवं कवर्धा ऑडिशन में सलेक्ट किए गए प्रतिभागी शामिल होंगे। अद्विका शिक्षक रमेश रावत एवं अनिता रावत की सुपुत्री हैं। इस बार क्लास थर्ड में पढ़ने जा रही अद्विका को अशोका पब्लिक स्कूल के टीचर्स एवं फ्रेंड्स ने ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## सार समाचार

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दाई-बाबा दिवस आज

**खैरागढ़।** जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कल 4 जून को 'दाई-बाबा दिवस' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नियमित रूप से प्रत्येक बुधवार को होने वाले हेल्थ मेले के अंतर्गत विशेष रूप से बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 'दाई-बाबा दिवस' की थीम हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य वृद्धजनों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के साथ-साथ समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना है। जिले के सभी विकासखंडों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को इस दिवस हेतु समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मेले के आयोजन में सीएचओ, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। विशेष पहल के अंतर्गत बच्चों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने दादा-दादी अथवा नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले में सम्मिलित हों। आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, छाया और शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान वृद्धजनों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण जैसे रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियों की जांच सहित मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### हेल्थ मेला में होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**राजनांदगांव।** नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक बुधवार को होने वाले मेले के अंतर्गत 4 जून को दाई-बाबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना है। प्रत्येक विकासखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर हेल्थ मेले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने कहा गया है। दाई-बाबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई है। सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन के सहयोग से बच्चों को दादा-दादी या नाना-नानी को लेकर स्वास्थ्य मेले पहुंचने प्रेरित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर बुजुर्गों के अनुकुल सुविधाएं बैठक व्यवस्था, छांव, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

इस दौरान बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व हड्डियों की जांच के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण किया जाएगा। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज होंगे। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उन्हें कार्ड सत्यापन व रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ले जाकर डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा आईडी) से लिंक किया जाएगा।

### पार्किंग समस्या का निराकरण करने की मांग

**राजनांदगांव।** शहर के कुछ व्यवसायिक परिसरों के सामने पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के चलते यहां आने वाले लोग आसपास अपने वाहन खड़े करते हैं। जिससे आसपास के अन्य स्वीकृत कॉम्प्लेक्स के लोगों को समस्या हो रही है। शहर के दिग्विजय स्टेडियम के सामने स्थित गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स के संचालक सुरेश जवरानी ने नगर निगम में शिकायत की है कि उनके कॉम्प्लेक्स में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि उनका कॉम्प्लेक्स नियम कानून अनुसार बना हुआ है और कामर्शियल स्वीकृत भी है, लेकिन उनके कॉम्प्लेक्स के बाजू में वक्रतुण्ड नाम का कॉम्प्लेक्स है, जहां पर पंजाब एण्ड सिंध बैंक, एचडीबी फाइनेंस, टाटा एन्सुरेंस एवं आईसीआई प्रोडेन्सल एन्सुरेंस कंपनी है। इस कॉम्प्लेक्स के पास पर्याप्त पार्किंग न होने की वजह से उनके एजेंट एवं ग्राहक गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स के सामने की पार्किंग में अपना वाहन खड़ी कर देते हैं। जिसके कारण यहां आने वाले लोगों को अपना वाहन रखने दिक्कत होती है और व्यापार भी प्रभावित होता है। कॉम्प्लेक्स के सामने अन्य लोगों द्वारा वाहन खड़ी करने की वजह से आए दिन वाद-विवाद हो रहा है। उन्होंने इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की है।

### दिव्यांगजनों ने निकाली स्वाभिमान रैली

**राजनांदगांव।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर में दिव्यांगजनों द्वारा स्वाभिमान मार्च निकाला गया। जिला दिव्यांग संघ द्वारा आयोजित इस रैली के दौरान शहर के जयस्तंभ चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। दिव्यांगजनजनों द्वारा फ्लाईओवर के नीचे एकत्रित होकर स्वाभिमान मार्च निकल गया। इस दौरान अपनी अलग-अलग मांगों को तख्ती पर लिखकर दिव्यांगजनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अपनी स्वाभिमान यात्रा के दौरान दिव्यांगजनों ने 5 हजार प्रतिमाह पेंशन, पेंशन में बीपीएल की बाध्यता समाप्त करने, दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान चलाकर अतिशीघ्र शासकीय पद निकाले जाने, बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटर के लोन देने, ऋण माफी कराने, 18 वर्ष से उपर के दिव्यांग अविवाहित युवती व महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, शासकीय दिव्यांगकर्मियों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण देने, फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की है। अपनी रैली के दौरान दिव्यांगजनों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और मांगे पूरी नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।



## पेज 9 का शेष

### खबर का असरः हटाए गए...

ताला तोड़कर कब्जा मुक्त कराया। शहर के रेवाडीह स्थित मकान में एक-दो कब्जाधारी ऐसे भी थे, जिन्होंने एक से अधिक मकान पर अपना कब्जा किया हुआ था। **कब्जाधारियों को कैसे मिला मीटर-** रेवाडीह स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में कब्जाधारियों को सीएसईबी द्वारा विद्युत कनेक्शन भी दे दिया गया। सवाल यह उठता है कि जब कब्जाधारियों के पास उस मकान को लेकर कोई भी दस्तावेज नहीं है तो फिर विद्युत मीटर कैसे दिया गया। रेवाडीह के कब्जाधारी ने बताया कि उन्होंने मीटर लगाने के लिए 4 हजार रुपए एक व्यक्ति को दिए थे। जिसके बाद एक ही दिन में लग गया था।

### पहले चरण में....

शुरू किया गया है। निगम सीमा क्षेत्र के कुओं की सफाई को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने सभी कुंओं से सील्ट निकालकर अच्छे तरीके से सफाई करने के निर्देश दिए हैं।
**बारिश पूर्व सफाई का प्रयास-** नगर निगम द्वारा बारिश पूर्व शहर के कुंओं की सफाई को लेकर सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। शहर के मोतीपुर बरबट्टी कुंआ सहित वार्ड नंबर 11 और 12 में भी कुओं की सफाई की गई है। कुओं की सफाई से शहर में वाटर रिचार्जिंग भी बेहतर होगा।
**लंबे समय बाद कुओं की सुध-** शहर के ज्यादातर सार्वजनिक कुएं कचरों और झाड़ियां से अटे पड़े हैं। सफाई नहीं होने के चलते कुएं के पानी से बदबू आती है। अब लंबे समय बाद नगर निगम ने वार्डों के स्थानीय सार्वजनिक जलस्रोतों की सुध ली है।

### जांच रिपोर्टः मेन पावर की..

उल्लेख किया है कि 25 मार्च को जब ट्राली वापस लौट रही थी, उस दौरान नीचे स्टेशन में मानव संसाधन की कमी थी। जिसके कारण ही यह हादसा हुआ है। गौरतलब है कि रोपवे का संचालन लंच टाईम में किया जा रहा था। जिसके कारण ही वहां कर्मी मौजूद नहीं थे। इधर जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि ट्राली का रन सिंगल पाथ पर एवं सार्प कर्व चैनल होने के कारण ही यह हादसा हुआ है।

### कनकी मिलाकर सरकारी...

मिले होने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसे में गरीबों को शुद्ध चावल मिलने के बजाय कनकी मिलावट वाला चावल मिल रहा है। शासन-प्रशासन को इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेने की जरूरत है। जमा किए गए चावल में कनकी की मात्रा 22 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके लिए 0.5 फारेन मेटर यानी कंकड़-पत्थर आदि पाए जाने पर चावल को जमा करने से मना कर दिया जाता है। निर्धारित मापदंड के अनुसार जमा किए गए चावल में 3.0 फीसदी से अधिक डैमेज चावल की मात्रा नहीं होनी चाहिए, लेकिन यहां पर राशन दुकानों में सप्लाई किए गए चावल की नॉन के क्वालिटी इंस्पेक्टरों द्वारा गुणवत्ता के मापदंड की जांच ही नहीं की जा रही है।

---

## संविधान बचाओ रैली में जमकर बरसे पूर्व सीएम

# केन्द्र की मोदी सरकार अडानी-अंबानी की सरकारः भूपेश बघेल

## डोंगरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 3 जून मंगलवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर डोंगरगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने संविधान बचाओ रैली में हिस्सा लिया। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय गीत से की गई। जिसमें जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान सहित क्षेत्रीय कांग्रेस विधायकगण मंच पर मौजूद रहे। भूपेश बघेल ने मंच से बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों और आम जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रही है और केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्ष को दबाने के लिए किया जा रहा है।

### योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

पत्रकारों से चर्चा में बघेल ने कहा कि जनपद में विपक्षी सदस्यों को योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा, ग्राम सभाओं की बात नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने कहा, कि हम पूरे राज्य में गांव-गांव जाकर जनता को संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए जागरूक कर रहे हैं।



### संविधान है खतरे में

मंच से बोलते हुए बघेल ने कहा कि जो संविधान हम सभी को अधिकार देता है, वही आज खतरे में है। न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग भी स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष की आवाज संसद और जनपद दोनों स्तरों पर दबाई जा रही है।

### मोदी सिर्फ अडानी-अंबानी को बचा रहे

पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी सीधा हमला बोला और कहा कि मोदी सिर्फ अडानी और अंबानी को बढ़ावा देने में लगे हैं। जबकि आम जनता की आवाज को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां भी अब दबाव में काम कर रही है, ऐसे में देश की रक्षा कैसे होगी।

### 11 साल पर मांगी समीक्षा

पूर्व मुख्यमंत्री ने 9 जून को मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी नीतियों की समीक्षा करने की अपील करते कहा कि शौचालय बने पर उपयोग नहीं, नल-जल योजना फेल, टोटियों में पानी नहीं, नोटबंदी में काला धन नहीं आया, जानें गई, जीएसटी से व्यापारी और आम जनता परेशान, सरकारी नौकरियां कम, उपक्रम बेचे जा रहे है।

### मनरेगा बंद कर महतारी वंदन योजना थोपने का आरोप

बघेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत साल में 12,000 रुपए देकर भाजपा ने मनरेगा जैसी मजबूत योजना को बंद कर दिया। जिसमें पहले 70 दिनों का 36,000 रुपए का लाभ मिलता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है, जमीनी स्तर पर आम जनता की जरूरतों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

---

# शहर में अवैध प्लाटिंग पर महापौर ने कसा शिकंजा

- विकास के बगैर नहीं होगा नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कई कालोनाईजर द्वारा कालोनी में पूर्ण विकास किए बिना एवं बिना मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, रोड, नाली बनाए एवं भूखंड क्रेता से किए गए अनुबंध के शर्तों को पूर्ण किए बिना कालोनी विकास पूर्णता प्राप्त कर लिया जाता है। जिससे कालोनीवासी को परेशानी होती है, जिसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव ने निगम के तीनों कार्यपालन अभियंताओं को अपने-अपने प्रभारित वार्ड में निर्मित कालोनियों में बाहय एवं आंतरिक विकास कार्य तथा बिजली, पानी, रोड, नाली की सुविधा होने के पश्चात ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कालोनी में संपूर्ण विकास कार्य किए बिना कालोनी का हैंडओवर नहीं करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

महापौर यादव ने नागरिकों से भी अपील करते कहा है कि कहीं भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में संपर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवें, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्रवाई करें, ताकि परेशानी से बचा जा सके।

### जारी नहीं होगी अब भवन अनुज्ञा

महापौर यादव ने तकनीकी अधिकारियों से कहा है कि अवैध कालोनी के मामले में किसी भी प्लाटिंग पर भवन अनुज्ञा जारी नहीं किया जाए, क्योंकि ऐसे प्रकरणों में भूखंड स्वामी/प्लांट क्रेताओं को मूलभूत सुविधा रोड, नाली, बिजली, पानी से वंचित रहना पड़ता है और उनका हितलाभ प्रभावित होता है। जिससे इन नागरिकों द्वारा मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्य के लिए जिम्मेदार नगर निगम तथा शासन को ठहराया जाता है। जबकि भूखंड क्रेता/अवैध प्लाटिंगकर्ता विकास कार्य की जिम्मेदारियों से पूर्णतः मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृत अभिन्यास के भूखंडों का टुकड़ों में विक्रय करने के कारण भूखंड क्रेताओं के हित हेतु जमा होने वाले विभिन्न प्रभार्य शुल्क तथा विकास शुल्क जमा नहीं होने के कारण शासन तथा निकाय को वित्तीय हानि होती है।

### अफसरों से कहा : पूर्णता रोक लगे

महापौर यादव ने कहा कि किसी भी अवैध प्लाटिंग का नियमितीकरण तब तक नहीं किया जाए, जब तक कालोनाईजर द्वारा कालोनी नियम के तहत प्लाटिंग क्षेत्र को पूर्णतः विकसित नहीं कर लेता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार निगम सीमा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई किया जाता है। उसके बाद भी प्लाटिंगकर्ताओं द्वारा भूखंड को टुकडों में बेचा जाता है, उस पर कड़ी निगरानी रख अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की दृष्टि से अधिनियम के तहत अंतिम कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।

---

# अतिशेष शिक्षकों के समायोजन से स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम भी अच्छा होगा। प्रदेश के विभिन्न स्तर के शालाओं में अतिरिक्त अतिशेष शिक्षकों को अतिरिक्त शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण किए जाने से विद्यार्थियों को अध्ययन में लाभ मिलेगा। इसी तरह स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से फायदा मिलेगा। जिले में युक्तियुक्तकरण हेतु समिति का गठन किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राजनांदगांव जिले में शालाओं के युक्तियुक्तकरण में 5 प्राथमिक शाला ऐसे थे, जिन्हें नजदीकी प्राथमिक शाला में समाहित किया गया है। इसके अलावा 645 हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल को 349 स्कूलों में समायोजित किया जा रहा है। प्राथमिक शाला में 246 शिक्षक है। माध्यमिक शाला में 86 शिक्षक, हाईस्कूल में 61 व्याख्याता का युक्तियुक्तकरण किया गया है। युक्तियुक्तकरण स्कूल के साथ-साथ शिक्षकों के लिए इसलिए आवश्यक था, क्योंकि बहुत सारे स्कूल जो शहरी क्षेत्रों में है, वहां दर्ज संख्या के मान से ज्यादा शिक्षक कार्यरत है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। स्कूल युक्तियुक्तकरण एवं शिक्षक युक्तियुक्तकरण में जहां-जहां शिक्षकों की कमी होगी, वहां शिक्षकों की पूर्ति किया जाना संभव होगा। जैसे हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल घोटिया में केवल 3 शिक्षक कार्यरत हैं। हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 27 प्रतिशत, हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 31 प्रतिशत आया है। यदि हम शिक्षकों का समायोजन कर देंगे, तो निश्चित रूप से परीक्षा परिणाम में सुधार होगा।

### शिक्षकों का बेहतर उपयोग

विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशांत कुमार चितवरकर ने कहा कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है, यह छात्रों के हित में लिया गया निर्णय है। शालाओं के युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, उच्च माध्यमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक शाला को मर्ज किया गया है या कहें कि प्रशासनिक एकीकरण हो रहा है। जिसके छात्रहित में लाभ प्राप्त होंगे। प्रशासनिक सुविधा होगी, सभी दस्तावेज अलग-अलग शालाओं में संधारित होते थे, वे एक ही शाला में संधारित होंगे। भौतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग कर पाएंगे। शाला के खेल मैदान, खेल सामग्री, लैब, लाईब्रेरी का बच्चे बराबर उपयोग कर पाएंगे। शिक्षकों का भी बेहतर उपयोग हो सकेगा।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही बसंतपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है। जिसकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है। पुलिस के अनुसार वाहन चोर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि चोरी हुए मोटर साइकिल सहित आरोपी टेमनलाल साहू 19 वर्ष निवासी चिलमगोटा थाना मंचुआ जिला बालोद को गिरफ्तार किया गया है।




---

# एकल अभिनय, नाट्य स्पर्धा का समापन

**राजनांदगांव।** पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरवपथ में एक जून को एकल अभिनय और नाट्य स्पर्धा का आयोजन राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व वरिष्ठ पत्रकार दुष्यंत दास शामिल रहे। प्रतियोगिता में एकल अभिनय प्रथम स्थान को 5000 रुपए, द्वितीय को 3000 व तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 1000 रुपए नगद राशि दिया गया। साथ ही नाटक प्रतियोगिता में प्रथम को 10000 रुपए व द्वितीय को 7000 तथा तृतीय स्थान वाले प्रतिभागी को 3000 नगद राशि दिया गया। एकल अभिनय प्रतियोगिता में 7 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें राजनांदगांव के 3 कलाकार व दुर्ग से 3 तथा रायपुर से 1 कलाकार ने हिस्सा लिया। इन कलाकारों ने अपने-अपने अभिनय से राजनांगदगांव के दर्शकों का मन मोह लिया। एकल प्रतियोगिता में 7 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। इस प्रतियोगिता में भिलाई की अदविका तिवारी (सिन्ड्रेला) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार अनिता उपाध्याय (धरती के दो ध्रुव) भिलाई और तृतीय स्थान राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के फहीमुर्रहमान (एक कप चाय) रहे। नाटक स्पर्धा में कुल 50 मिनट का निर्धारित समय था। जिसमें चार नाटकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पहली प्रस्तुति नाटक आवाज का नीलाम का मंचन किया गया। जिसके लेखक धर्मवीर भारती और निर्देशक नवीन निर्मलकर थे, जिसे नवीन निर्मलकर व संकल्प तिवारी द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया।

